# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024




### उपयोगकर्ताओं को आपस में धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी

# भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बन गई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत और घाना के बीच भुगतान को लेकर अहम समझौता हुआ है। अब यूपीआई और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स को जोड़ा जाएगा।*

भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

**खास बातें**

- अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते के अवसरों पर विचार-विमर्श
- भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे




**एमओयू की संभावनाओं के बारे में चर्चा की**

मंत्रालय के मुताबिक भारत-घाना ने डिजिटल परिवर्तन समाधान, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की संभावनाओं के बारे में चर्चा की और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) द्वारा पेश किए गए अवसरों पर भी विचार-विमर्श किया। दोनों देशों ने डिजिटल अर्थव्यवस्था, कपड़ा, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों को फोकस क्षेत्रों के रूप में पहचाना और उस पर चर्चा की।

**7 सदस्यीय दल गया था घाना**

भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत के 7 सदस्यीय दल ने घाना गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त मनीष गुप्ता और वाणिज्य विभाग की आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर के साथ 2 से 3 मई 2024 तक अकरा में अपने घाना समकक्षों के साथ बैठक की।

# भड़के पुतिन ने दे दिया ऑर्डर बाहर निकालो एटमी हथियार

### फ्रांस ने यूक्रेन में 100 सैनिकों को भेजा

एजेंसी ▶▶ मास्को

यूक्रेन के साथ पिछले दो सालों से अधिक वक्त से चल रहे युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने एक बार फिर कड़े तेवर दिखाए हैं। पुतिन ने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास आयोजित करने का आदेश दिया है। अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों की तैयारी और उनका इस्तेमाल कैसे किया जाए, इसके लिए उपाय किए जाएंगे। इसका मकसद पश्चिमी देशों की धमकियों के सामने रूस की क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करना है।

**फ्रांस ने भेजे सैनिक**

राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ये आदेश ऐसे समय में दिया है, जब फ्रांस ने यूक्रेन में पहली बार अपनी सेना भेजी है। फ्रांस की सेना को



यूक्रेन की सेना के समर्थन में स्लावयांस्क में तैनात किया गया है। यूक्रेन में 100 सैनिकों की टुकड़ी को भेजा गया है। बाद में और सैनिकों को भी भेजा जा सकता है। बता दें, पुतिन कई बार परमाणु युद्ध को लेकर चेतावनी दे चुके हैं। फरवरी में उन्होंने चेतावनी दी थी।

### जहाज में 6 भारतीय थे सवार

# भारत के समंदर में पकड़ा ईरानी जहाज, कोच्चि भेजा

एजेंसी ▶▶ केरल



भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने रविवार की देर रात केरल के तट से दूर बेपोर के पश्चिम में 6 भारतीय चालक दल के साथ मछली पकड़ने वाले एक ईरानी जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। हिरासत में लिए गए जहाज को चालक दल के साथ सोमवार को आगे की जांच के लिए सुरक्षित रूप से कोच्चि लाया गया है। समुद्री सुरक्षा और कल्याण को कायम रखना आईसीजी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले भारतीय तट रक्षक बल ने बांग्लादेश के जहाज को पकड़ा था। हालांकि ये जहाज खराब हो गया था और इस वजह से भारतीय सीमा में घुस आया था। इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।










प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को सात सीटों पर मतदान होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुबह 8.35 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा अपने गांव बगिया जाएंगे। वहां पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री साय ग्राम बगिया की प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में सपरिवार मतदान करेंगे। इसी तरह से उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर के शेफर्ड स्कूल बूथ क्रमांक 65 में मतदान करेंगे। प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसद, भाजपा के पदाधिकारी अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र के अपने बूथों में मतदान करेंगे।

# मुख्यमंत्री साय आज सुबह उड़नखटोले से जाएंगे अपने गांव बगिया, परिवार के साथ करेंगे मतदान

**उप मुख्यमंत्री अरुण साव सहित सभी मंत्री एवं भाजपा पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में करेंगे मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्रियों में कृषि मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर जिले के ग्राम सनावल के हरिजन पारा, बूथ क्रमांक 35 प्राथमिक शाला में, वित्तमंत्री ओपी चैधरी रायगढ़ शहर के आयुर्वेदिक कार्यालय कमरा नंबर एक बूथ नंबर 81 में, दयालदास बघेल बेमेतरा जिले के माध्यमिक शाला कोरा बूथ क्रमांक 53 में, टंकराम वर्मा प्राथमिक भवन शाला तुलसी तिल्दा बूथ क्रमांक 244 में, लखनलाल देवांगन बूथ क्रमांक 77 कोहडरया चारपारा में, लक्ष्मी राजवाड़े बूथ क्रमांक 244 आंगनबाड़ी खासपारा, सांसद सुनील सोनी महाराणा प्रताप स्कूल सदर बाजार रायपुर में, भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक राजेश मूणत बूथ क्रमांक 225 मायाराम सुरजन हायर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल रायपुर में, विधायक अनुज शर्मा बूथ क्रमांक 195 प्राथमिक शाला भवन लभांडी रायपुर में मतदान करेंगे।



विष्णुदेव साय



बृजमोहन अग्रवाल



सुनील सोनी



राजेश मूणत



रामविचार नेताम

## बृजमोहन रामसागर पारा में करेंगे मतदान

रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल रामसागर पारा स्थित दुर्गा कॉलेज में, दुर्ग प्रत्याशी विजय बघेल 47 सेक्टर-05 भिलाई में, सरगुजा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज सामरी विधानसभा के श्रीकोट में, जांजगीर-चांपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े सक्ती के समलाईपारा बूथ क्रमांक 143 में, बिलासपुर प्रत्याशी तोखन साहू लोरमी विधानसभा के डिंडौरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला, बूथ क्रमांक 179 में, रायगढ़ प्रत्याशी राधेश्याम राठिया ग्राम छर्राटांगर के बूथ क्रमांक 275 में अपना मतदान करेंगे।

## आमने/सामने

### कांग्रेस की कई नेत्रियों के साथ हुआ है दुर्व्यवहार

**रेणुका सिंह**



भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक रेणुका सिंह ने कहा, कांग्रेस की कई नेत्रियां दुर्व्यवहार का शिकार हुई हैं। कईयों ने शिकायत की, सुनवाई किसी की नहीं हुई, न्याय किसी को नहीं मिला। ऐसे में लड़की हूं लड़ सकती हूं, प्रियंका गांधी का यह नारा एक कोरा झूठ साबित होता है। छत्तीसगढ़ में ही कांग्रेस भवन में महिलाएं अपमानित होती रही हैं।

### कांग्रेस पार्टी महिलाओं का सम्मान करती है

**वंदना राजपूत**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, कांग्रेस पार्टी महिलाओं का सम्मान करती है। आज मैं 22, 23 साल से कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों में रहकर काम कर रही हूं। कांग्रेस पार्टी में महिलाओं के मान और सम्मान को हमेशा से ध्यान में रखा गया है। राधिका खेड़ा अपना बयान हर दिन बदल रही हैं, पता नहीं आने वाले समय में और क्या-क्या बयान देंगी।

## राहुल का एनिमेटेड वीडियो नड्डा, मालवीय पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सोशल मीडिया हेड अमित मालवीय और कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र के खिलाफ कर्नाटक कांग्रेस ने एफआईआर दर्ज कराई है। कांग्रेस ने बीजेपी पर यह आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है कि बीजेपी ने कथित तौर पर अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों को डराने-धमकाने के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। बता दें कि इस वीडियो में प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और राहुल गांधी को गलत तरीके से पेश किया गया है। इसको लेकर कर्नाटक कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को चिट्ठी भी लिखी थी। जिसमें कहा गया था कि कर्नाटक बीजेपी द्वारा शेयर किए गए इस कथित वीडियो के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों को डराया गया है।



## अमेठी कांग्रेस कार्यालय के बाहर गाड़ियों में तोड़फोड़!

**अमेठी।** यूपी के अमेठी से बड़ी खबर है। यहां के गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों के शीशे तोड़े गए हैं। इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। घटना के बाद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। सीओ समेत स्थानीय पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। इस घटना के लिए कांग्रेस ने बीजेपी पर आरोप लगाए हैं। यूपी कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'हार के डर से बौखलाई भाजपा। अमेठी में प्रशासन की मौजूदगी में भाजपाइयों ने जिला कार्यालय के बाहर खड़ी दर्जनों गाड़ियों में तोड़फोड़ की। जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल कार्यालय में ही मौजूद थे। उन्होंने कांग्रेसजनों के साथ उपद्रवियों को वहां से भगाया लेकिन पुलिस हर बार की तरह तमाशबीन बनी रही जैसे सब कुछ उसकी शह पर हो रहा हो।'



## 'पुंछ आतंकी हमला बीजेपी को जिताने की स्टंटबाजी'

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर सीट से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पुंछ आतंकी हमले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने वायु सेना के काफिले पर शनिवार शाम को हुए अटैक को स्टंटबाजी करार दिया। चन्नी ने कहा, 'ये स्टंटबाजी हो रही है। हमले नहीं हो रहे। पिछली बार भी चुनाव आया तो ऐसे स्टंट खेले गए और बीजेपी को जिताने का काम किया गया।' उन्होंने कहा कि पहले से तैयारी करके हमले करवाए जाते हैं। यह भाजपा को जिताने का स्टंट होता है और इसमें कोई सच्चाई नहीं होती। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि लोगों को मरवाना और उनकी लाशों पर खेलना तो बीजेपी को आता है। चरणजीत सिंह चन्नी ने इस दौरान किसानों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, 'बीजेपी किसानों को खत्म करना चाहती है। ऐसा करके वह पंजाब को दबाना चाहती है।



**अलग-अलग है दो हाईप्रोफाइल सीटों का मिज़ाज उसकी तासीर**

# विदिशा में जीत का अंतर बढ़ाने पर फोकस तो हाथरस में भाजपा के लिए गढ़ बचाने की चुनौती

**तीसरे चरण के लिए आज होना है 93 सीटों पर मतदान**

ओपी पाल. नई दिल्ली

देश लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को देश के 11 राज्यों व केंद्र शासित राज्यों की की 93 सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 122 महिलाओं समेत 1331 प्रत्याशी अपनी सियासी किस्मत आजमा रहे हैं। देश के गृहमंत्री अमित शाह समेत छह केंद्रीय और दो यूपी के मंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है। ऐसे में आइए जानते हैं, दो हॉटसीट एमपी की विदिशा व यूपी के हाथरस का अंकगणित

## विदिशा में कांग्रेस के लिए आसान नहीं साढ़े तीन दशक का सूखा खत्म करना



शिवराज चौहान



प्रताप भानु

लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मंगलवार सात मई को मतदान हो रहा है। विदिशा ऐसे महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्रों में शामिल है, जो खासतौर से भाजपा के लिए किसी प्रयोगशाला से कम भी नहीं है। मसलन इस सीट से भाजपा या उसके अनुसांगिक राजनीतिक दलों के जो भी यहां चुनाव मैदान में उतरे, उनमें अधिकांश प्रत्याशी यहां से जीत हासिल करके लोकसभा पहुंचे है। ऐसे दिग्गजों में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज के अलावा मध्य प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रहे खुद शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हैं, जिन्हें भाजपा ने एक बार फिर इस सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा का गढ़ बन चुकी इस सीट पर कांग्रेस केवल दो बार जीत का स्वाद चख पाई है। इस बार कांग्रेस ने साढ़े तीन दशक के सूखे को खत्म करने के इरादे से इस सीट से दो बार सांसद रहे प्रताप भानु शर्मा को ही चुनावी जंग में उतार कर बड़ा दांव खेला है।

**भाजपा की रणनीति**

मध्य प्रदेश की इस खास विदिशा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने अपने डेढ़ दशक से ज्यादा के अपने मुख्यमंत्री काल में उपलब्धियों को लेकर हर वर्ग के मतदाताओं को आकर्षित करने में जुटे हैं और एक लाडली बहना तथा मोदी की गारंटी के विशवास के साथ चुनाव जीतने की तैयारी में है। दूसरी ओर पांच बार सांसद और छह बार विधायक रह चुके भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को 33 साल बाद 77 वर्षीय प्रताप भानु शर्मा भाजपा शासनकाल और केंद्र सरकार की नाकामी गिनाने के साथ कांग्रेस की गारंटी के सहारे अपनी सियासी वैतरणी को पार लगाने की जुगत में हैं। इस सीट पर भाजपा इस बार जीत के अंतर का रिकार्ड बनाने की चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में हैं। भाजपा और कांग्रेस की इस रणभूमि में इंडिया गठबंधन से बगावत करके समाजवादी पार्टी की सीमा वर्मा और बसपा के किशनलाल लड़िया समेत कुल 13 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

## हाथरस में चर्चित है भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी के प्रवासी होने का मुद्दा



अनूप वाल्मीकि



जसवीर वाल्मीकि



हेमबाबू

पश्चिम उत्तर प्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट पर सात मई को होने वाला चुनाव भी हाईप्रोफाइल बना हुआ है। भाजपा का सियासी गढ़ माने जानी वाली इस सीट पर सपा और बसपा के बिछाए गये जाल को देखते हुए भाजपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर यहां यूपी सरकार में मंत्री अनूप प्रधान वाल्मिकी को प्रत्याशी बनाया है। मसलन हाथरस लोकसभा सीट पर भाजपा की इस वर्चस्व की जंग में सीधे तौर पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। सियासी गलियारों में यह चर्चा भी गरमाई हुई कि भाजपा, सपा और बसपा यानी तीनों दलों के प्रत्याशी हाथरस जिले के बाहर के हैं। ऐसे सियासी समीकरण को देखते हुए माना जा रहा है कि इस सीट पर त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला होने के आसार बने हुए हैं। भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद राजवीर सिंह दिलेर का टिकट काटकर इस सीट पर योगी सरकार में मंत्री अनूप प्रधान वाल्मिकि को अपना प्रत्याशी बनाकर दांव खेला है।

**भाजपा सपा व बसपा प्रत्याशी**

अनूप प्रधान खैर तहसील क्षेत्र के गांव रकराना के रहने वाले हैं। 2012 में भाजपा के टिकट पर खैर विधानसभा क्षेत्र के भाग्य आजमाया। इसमें हार का सामना करना पड़ा। 2017 के चुनाव में पार्टी की टिकट पर जीत कर विधायक बने। 2022 के चुनाव में अनूप को दूसरी बार विधायक बनने का मौका मिला। इनकी बढ़ती सक्रियता के चलते उत्तर प्रदेश सरकार में राजस्व राज्य मंत्री बनाया गया। सपा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि सहारनपुर जिले में देवबंद के निवासी और कपड़ा कारोबारी हैं, जो संगठन में प्रदेश सचिव के साथ रामपुर मनिहारन के सपा के विधानसभा प्रभारी भी हैं। पेशे से कपड़ा कारोबारी हैं। जबकि बहुजन समाज पार्टी ने हाथरस लोकसभा सीट से आगरा निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर हेमबाबू धनगर को उतारा है, उनके पिता जेपी धनगर बसपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं।

**पूर्व विस अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा**

# मोदी की गारंटी और साय सरकार के '100 दिन' से जीतेंगे सभी 11 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

**साक्षात्कार**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि मोदी की गारंटी और साय सरकार के 100 दिनों के उल्लेखनीय कार्यों की बदौलत लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतेगी। उन्होंने दावा किया है कि बिलासपुर में भाजपा अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी, वहीं कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा को मिल रही बढ़त का कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशिष्ट कार्यशैली और प्रदेश सरकार का कामकाज होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ा है, उन्होंने जिस तरह कार्य किया है, हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कराया है, उससे लोग स्वयं को सुरक्षित और संरक्षित महसूस करने लगे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में सभी को विकास करने का अवसर दिया, विशेषकर गरीब वर्ग को उन्होंने जीवन जीने की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराईं। उनके कार्यकाल में गरीबों के 4 करोड़ आवास बने, जो अपने आप में रिकार्ड है।



**धार्मिक सांस्कृतिक विरासत की रक्षा :** प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराई, काशी का विकास कराया, महाकाल कॉरिडोर बनवाया, मथुरा में आस्था को सम्मान दिलाया। धार्मिक और देश की संस्कृत विरासत की सुरक्षा श्री मोदी ने की। इससे भी लोग भाजपा से प्रभावित हुए हैं।

### 18 लाख आवास बनेंगे राज्य में

छत्तीसगढ़ की बात करें तो यहां डा. रमन सिंह के कार्यकाल तक गरीबों के लिए आवास बनते रहे, परन्तु कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवास निर्माण कार्य बंद करा दिया था। अब प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बन गई है, साय सरकार के कार्यकाल में फिर से गरीबों के आवास बनने का काम शुरू हो गया है, शीघ्र ही प्रदेश में 18 लाख गरीबों के आवास बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों का भाजपा की ओर झुकाव का दूसरा कारण उज्ज्वला गैस योजना और मुफ्त राशन है। इसी तरह कोविड काल में मोदी जी ने जिस तरह कार्य किया, उससे भी लोग उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं।

**आंध्रप्रदेश की सभा में बोले प्रधानमंत्री**

## 'काला धन पकड़ने के लिए मुझे गालियां दी जा रहीं'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के सिलसिले में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी, पूर्वी गोदावरी में एक रैली को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का बहिष्कार किया। जो भी कांग्रेस नेता मंदिर जाता है, उसे पार्टी से बर्खास्त कर दिया जाता है। उनका काला धन पकड़ने के लिए मुझे गालियां दी जा रही हैं, लेकिन मैं गरीब लोगों के पैसे के लिए चिंतित हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आप सुनिश्चित करें कि आप 13 मई को वोट करें और हमारा समर्थन करें।



**राजकोट सीट बनी भाजपा के लिए परेशानी का सबब, आज होगा मतदान**

# रूपाला को माफी देने के मूड में नहीं हैं क्षत्रिय, गांवों में नो एंट्री

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात की सभी 25 सीटों पर मंगलवार 7 मई को मतदान होना है। राजकोट लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जोरदार मुकाबला है। क्षत्रिय समाज का विरोध शुरू होने के बाद, दोनों ही दल, अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में भाजपा के लिए राह थोड़ी मुश्किल बनती जा रही है। राजकोट के क्षत्रिय बाहुल्य कई गांवों में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं की एंट्री बैन है। क्षत्रिय समाज, केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी परषोत्तम रूपाला को माफी देने के मूड में नहीं हैं। भाजपा कहती है कि रूपाला ने माफी मांग ली है, तो क्षत्रिय समाज कहता है, दिल से माफी नहीं मांगी है। रूपाला द्वारा रोटी- बेटी को लेकर दिए गए बयान पर क्षत्रिय समाज का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि क्षत्रिय समाज का वोट अब उनके प्रत्याशी परेश धनानी को मिल जाएगा। इतना ही नहीं, पार्टी को यह भरोसा भी है कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी 'आम आदमी पार्टी' का वोट बैंक, पूरा नहीं तो कम से कम 70 फीसदी मत तो कांग्रेस प्रत्याशी में खाते में आ सकते हैं।

**खास बातें**

'मोदी' और 'जाति' के अंकगणित पर रहेगा दारोमदार

केंद्रीय मंत्री रूपाला ने रोटी- बेटी को लेकर दिया था विवादित बयान



### भाजपा, पीएम मोदी और जातीय समीकरण पर निर्भर

इन सबके बीच भाजपा ने अब रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए 'मोदी और जाति' का फॉर्मूला अख्तियार किया है। भाजपा कार्यकर्ता, यह बात स्वीकार करते हैं कि उन्हें राजकोट सीट पर मार्जिन वाली जीत नहीं चाहिए। बस, रूपाला जीत जाएं। पार्टी की एक खास इकाई को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह लोगों के बीच जाकर ये मैसेज दें कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध के बीच अन्य प्रमुख 'जातियों' को साधना शुरू कर दिया है।

### क्षत्रिय समुदाय की आबादी करीब 1.70 लाख

दोनों ही दलों के नेताओं से हुई बातचीत के आधार पर यह पता चला है कि अब इस चुनाव में 'मोदी' और 'जाति' का मुद्दा अहम हो चला है। राजकोट लोकसभा क्षेत्र में क्षत्रिय समुदाय की आबादी करीब 1.70 लाख है। कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पटेल हैं। इस समुदाय की आबादी लगभग साढ़े तीन लाख बताई जा रही है। भाजपा प्रत्याशी परषोत्तम रूपाला, कड़वा पटेल हैं। इस समुदाय की आबादी भी करीब दो लाख बताई जा रही है। इनके अलावा 15 फीसदी कोली समुदाय, 9 फीसदी मुस्लिम, पांच से सात फीसदी क्षत्रिय, साढ़े सात फीसदी दलित, 4 फीसदी ब्राह्मण, 4 फीसदी भरवाड-रबारी और करीब 27 फीसदी अन्य जातियां बताई जाती हैं।

### इस वजह से परेशान नहीं है भाजपा

भाजपा कार्यकर्ता, नट्टू भाई व्यास यह बात स्वीकार करते हैं कि गलती तो हो गई है। क्षत्रिय समाज ने सोचा था कि विवाद के बाद रूपाला को पार्टी से निकाल दिया जाएगा। इस मामले में भाजपा टस से मस नहीं हुई है। भाजपा अब, क्षत्रिय समुदाय की नाराजगी की ज्यादा परवाह नहीं कर रही। वह दूसरी जातियों को अपने पक्ष मंस करने का प्रयास कर रही है। क्षत्रिय समाज को लेकर भाजपा, इसलिए भी अधिक चिंतित नहीं है, क्योंकि गुजरात में क्षत्रियों की कुल आबादी जो करीब 15 फीसदी के आसपास है, उसका एक बड़ा हिस्सा 'ओबीसी' समुदाय में आता है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी






# आज कड़ी परीक्षा

## 168 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1.39 करोड़ से अधिक मतदाता

*इंतजार हुआ खत्म। मंगलवार को देश के साथ छग की भी सात लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चार सीटों पर पहले ही वोटिंग हो चुकी है। तीसरे चरण में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। इन लोकसभा क्षेत्रों में 168 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद होगा। इन प्रत्याशियों में 26 महिला और 142 पुरुष प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 1.39 करोड़ मतदाता करेंगे।*

### 11 लाख 87 हजार से अधिक नए मतदाता डालेंगे वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीसरे चरण के चुनाव में 11 लाख 87 हजार 470 मतदाता नए हैं। नए मतदाताओं में उत्साह ज्यादा नजर आ रहा है। एक तरफ झुलसाने वाली गर्मी और दूसरी ओर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने की लालसा और अनवार्यता के बीच भी एक तरह से जंग ही होनी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने संवाददाताओं से चर्चा में लोकसभा चुनाव तीसरे चरण की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीटों के 58 विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। प्रदेश के 15701 मतदान केंद्र हैं, जिसमें मतदान के लिए 77592 मतदान कर्मियों ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सबसे छोटे मतदान केंद्रों में मतदान

तीसरे चरण में प्रदेश के तीन छोटे मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान होगा। कोरबा लोकसभा के भरतपुर-सोनहट विधानसभा के शेराडांड में 5, कांटों में 12 और मेहर्रा में 23 मतदाता हैं। इन तीनों मतदान केंद्र में मतदान दल मतदान कराने पहुंच गया है।

### मतदाताओं को होगी यह सुविधा

गर्मी को देखते हुए इस बार मतदान केंद्रों में वेटिंग हाल की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। कूलर की भी व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्रों में पंडाल लगाए जायेंगे। पेयजल, नीबू पानी और ओआरएस घोल की व्यवस्था की जाएगी। वहीं मेडिकल किट के साथ मितानिनें भी मौजूद रहेंगी।

## छत्तीसगढ़ की सात सीटों पर सीधा मुकाबला

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार को सात सीटों के लिए मतदान होगा। इन सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच होता दिख रहा है। जिन सीटों के लिए मतदान होना है उनमें से केवल एक सीट कोरबा पर कांग्रेस पिछले चुनाव में जीती थी। बाकी सभी सीटों पर भाजपा काबिज है। अब राज्य के अंतिम दौर के चुनाव के लिए रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा, सरगुजा और रायगढ़ सीट के लिए वोट डाले जाएंगे।

### रायपुर में बृजमोहन और विकास उपाध्याय



रायपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के विकास उपाध्याय के बीच मुकाबला है। बृजमोहन पहली बार ▶▶| शेष पेज 2 पर

### दुर्ग में विजय बघेल और राजेंद्र साहू



दुर्ग लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। लेकिन खास बात ये है कि 2019 में दुर्ग से भाजपा प्रत्याशी रहे ▶▶| शेष पेज 2 पर

### बिलासपुर में तोखन और देवेंद्र यादव



बिलासपुर लोकसभा सीट से पर भाजपा से तोखन लाल साहू प्रत्याशी है। वे पूर्व में लोरमी विधानसभा सीट से पिछला चुनाव हार गए थे, लेकिन वे ▶▶| शेष पेज 2 पर

### रायगढ़ में राधेश्याम और मेनका देवी सिंह



रायगढ़ लोकसभा सीट से पहली बार प्रत्याशी बने राधेश्याम राठिया भाजपा के जमीनी स्तर से उठे नेताओं में शामिल है। राजनीति में उनकी शुरुआत ग्राम ▶▶| शेष पेज 2 पर

### जांजगीर-चांपा में कमलेश और डॉ. शिवकुमार डहरिया



जांजगीर-चांपा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े मैदान में हैं। वे पूर्व में दो बार सरपंच रही है। इसके साथ ही वे भाजपा संगठन की ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कोरबा में सरोज पांडेय और ज्योत्सना महंत



कोरबा लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और कांग्रेस की ज्योत्सना महंत के बीच सीधा मुकाबला होता दिख रहा है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### सरगुजा से चिंतामणी और शशि सिंह



सरगुजा लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज है। उनके सामने कांग्रेस ने शशि सिंह को प्रत्याशी बनाया है। चिंतामणि ▶▶| शेष पेज 2 पर

## 11 राज्यों की 93 सीटें दांव पर कई दिग्गजों की साख

चुनाव मैदान में 1331 प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है। अब यहां छठे फेज में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश की तीन सीटों- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, ▶▶| शेष पेज 2 पर



**इन राज्यों में मतदान** जिन सीटों पर मतदान है, उनमें गुजरात की 25, कर्नाटक की 14, महाराष्ट्र की 11, उत्तर प्रदेश की 10, मध्य प्रदेश की नौ, छत्तीसगढ़ की सात, बिहार की पांच, असम और पश्चिम बंगाल की चार-चार, गोवा की दो, दादरा-नगर हवेली और दमन- दीव में एक सीट शामिल हैं।

## तीन केंद्र ऐसे जहां वोटर 25 भी नहीं!

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राज्य के पहले भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-1 में सुदूर वनांचल के मतदान केन्द्र शेराडांड़ के सिर्फ पांच वोटर के लिए पोलिंग पार्टी आज शाम पहुंच गई है।

यह वही मतदान केन्द्र है जहां आज से करीब 15 वर्ष पूर्व सिर्फ दो मतदाता पति व पत्नी थे, जिनके लिए पहली बार प्रशासन ने मतदान केन्द्र बनाया था। तब यह केन्द्र देशभर के सुर्खियों में आया था। अब कुनबा बढ़ने के बाद मतदाताओं की संख्या 5 हो गई ▶▶| शेष पेज 2 पर

### भरतपुर-सोनहत के शेराडांड़ में केवल 5 मतदाता



### अस्थाई झोपड़ी में बना मतदान केंद्र

भरतपुर-सोनहत विधान सभा क्षेत्र में मतदान केंद्र शेराडांड़, कांटो, रेवला है, जहां झाड़ियों की सहायता से झोपड़ी तैयार कराई गई है। शेराडांड़ केंद्र में 100 प्रतिशत मतदान लोकसभा चुनाव में भी होने की उम्मीद है।

### दुर्गम पहाड़ी पर मतदान कराने पहुंचा दल

**रायगढ़।** लोकसभा क्षेत्र में कुल 2367 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें रायगढ़ जिले की सबसे दुर्गम पहाड़ी पर स्थित गांव छुहीपहाड़ पर एक केंद्र है। यहां के वनवासी आबादी के ▶▶| शेष पेज 2 पर




### कांटो में 12 तो रेवला में 23 मतदाता

इस क्षेत्र में ऐसे मतदान केन्द्र भी हैं, जहां दो दर्जन मतदाता भी नहीं है। एक मतदान केन्द्र में 12 तो दूसरे में सिर्फ 23 मतदाता सूची में दर्ज हैं। मतदान केन्द्र कांटो जहां सिर्फ 12 मतदाता हैं, इनमें से 7 पुरूष तथा 5 महिला शामिल हैं। इसी तरह मतदान केन्द्र रेवला है, जहां कुल मतदाताओं की संख्या 23 है, इसमें 14 पुरूष व 9 महिला मतदाता हैं।




## चिंतन

# चीनी राष्ट्रपति के फ्रांस दौरे पर नजर रखे भारत

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग यूरोप के तीन देशों –फ्रांस, सर्बिया व हंगरी की यात्रा ऐसे समय में कर रहे हैं, जब यूक्रेन व रूस के बीच जंग जारी है, और रूस ने पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का अभ्यास करने का ऐलान किया है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का एक मकसद रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की समाप्ति के लिए फ्रांस से सहयोग प्राप्त करना है। शी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैकों से मुलाकात में रूस व यूक्रेन युद्ध का मुद्दा उठाया है। एक समय फ्रांसीसी राष्ट्रपति रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म कराने के लिए चीन की मदद चाहते थे, वर्ष 2023 की अप्रैल में राष्ट्रपति मैक्रों चीन भी गए थे, पर चीन ने उतनी उत्सुकता नहीं दिखाई थी। चीन रूस को हथियार बनाने के लिए उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है, इससे फ्रांस खफा है। रूस के साथ खड़े होने से चीन की छवि यूरोप में नकारात्मक बनी हुई है। शी का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती अपने चरम पर है। इस वक्त रूस के बाद फ्रांस ही है जो भारत के गहरे दोस्त हैं। चीन की कोशिश फ्रांस को अपने पाले में लाने की है। इसलिए भारत को चौंकन्ना रहने की जरूरत है। चीनी राष्ट्रपति की इस यात्रा का दूसरा अहम मकसद यूरोप में चीन के खिलाफ जारी तनाव को खत्म करना है। फ्रांस यूरोप का गेटवे है, इसलिए फ्रांस के चीन के राजनयिक संबंध के 60 साल पूरे होने के अवसर को शी चिनफिंग ने पेरिस की यात्रा के लिए चुना है। यूरोप में चीन को लेकर पूरे इलाके में तनाव बढ़ा हुआ है। यूरोपीय यूनियन ने पिछले सप्ताह ही चीन के विंड टर्बाइन और मेडिकल उपकरणों की जांच शुरू करवाई है। यही नहीं चीन के सुरक्षा उपकरणों को बनाने वाली कंपनी नूकटेक के कार्यालयों पर छापा मारा है। चीन ने फ्रांस से अपील की है कि वह यूरोपीय यूनियन को चीन के प्रति सकारात्मक और व्यवहारिक नीतियां बनाने के लिए मदद करे। शी को लगता है कि यूरोप में चीन की छवि सुधारने में फ्रांस उसकी मदद कर सकता है। यूरोप को साधने के साथ-साथ चीन के निशाने पर भारत भी है, जिसने हाल के दिनों में फ्रांस से बड़े पैमाने पर हथियार और फाइटर जेट खरीदा है। भारत ने फ्रांस से राफेल जेट, स्कॉर्पिन पनडुब्बी, हेलीकॉप्टर और कई किलर मिसाइलें खरीदी हैं। पीएम मोदी जुलाई 2023 में फ्रांस के दौरे पर गए थे और उसके बाद फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों भारत आए थे। गणतंत्र दिवस पर मैक्रों ही मुख्य अतिथि थे। भारत और फ्रांस मिलकर आर्मेनिया की मदद कर रहे हैं। फ्रांस ने पीएम मोदी को ग्रेट क्रॉस ऑफ द लेगिआन से सम्मानित किया है। मोदी पहले ऐसे भारतीय पीएम हैं जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। इससे पता लगता है कि फ्रांस भारत के साथ अपने रिश्ते को कितना तवज्जो दे रहा है। चीन की रणनीति भारत के पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बना कर भारत के लिए सीमाई तनाव क्रिएट करने की रही है। इस कड़ी में चीन ने नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किए हैं। अब चीन की नजर यूरोप पर है। यूरोप के तमाम देशों से भारत के संबंध प्रगाढ़ हैं। भारत और यूरोपीय देश सहज मित्र देश हैं, जबकि यूरोप में चीन की छवि खराब है। फ्रांस में तिब्बती समूह ने चीनी राष्ट्रपति के खिलाफ अपना विरोध जताया है। चीनी राष्ट्रपति की इस फ्रांस यात्रा को भारत को सामरिक व कूटनीतिक दृष्टि से गंभीरता से लेना चाहिए।



विश्लेषण
अरविंद जयतिलक

# पाक के दमन से उबलता पीओके

> रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पीओके के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद खुद भारत में शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके को भारत लेकर रहेंगे। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पीओके पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। राजनाथ के बयान बेशक चुनाव के मौके पर हो, लेकिन इसमें काफी हद तक सच्चाई है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के जो हालात हैं, उसमें ऐसा लगने लगा है कि वह दिन दूर नहीं, जब वहां के लोग पाक हुक्मरान के खिलाफ बगावत कर भारत में मिलने के लिए जान की बाजी लगा दें। भले ही पाकिस्तान और उसके हुक्मरान पीओके को आजाद कश्मीर का तमगा दें लेकिन सच यही है कि यहां के लोगों के हालात गुलामों से भी बदतर हो चुका है। यहां के लोग पाकिस्तानी सेना के अत्याचार और दमन से इस कदर पीड़ित हैं कि वे अतिशीघ्र भारत में विलय को तैयार हैं। पीओके के लोगों का कहना है कि वे वास्तविक रुप से वे भारत के ही हिस्सा हैं, लेकिन पाकिस्तान ने जबरन उनपर कब्जा कर रखा है। पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के अत्याचार के खिलाफ अब बगावत के लिए तैयार हैं। उनका हौसला इसलिए भी बुलंद है कि गुलाम कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत ने मन बना लिया है। याद होगा 2022 में भारतीय सेना के प्रमुख रह चुके जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे ने कहा था कि अगर संसद आदेश देगी तो पीओके पर हमारा कब्जा होगा। यहां ध्यान रखना होगा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भी संसद में कहा जा चुका है कि पीओके भारत का हिस्सा है और वह इसे लेकर रहेंगे। उधर, पीओके के नागरिक पाकिस्तानी सेना के बढ़ते अत्याचार और दमन के खिलाफ 'करो या मरो' के लिए कमर कस लिए हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार 'पाकिस्तानी फौजियों कश्मीर छोड़ो' का आंदोलन चलाया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पीओके के राजनीतिक कार्यकर्ता जेनेवा में पाक सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मानें तो पाकिस्तान की फौज पीओके में मानवाधिकार का उलंघन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों को लूट रही है। पीओके में बढ़ते अत्याचार और मानव अधिकारों को लेकर हो रहे प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की फजीहत बढ़ रही है। इससे बचने के लिए कभी पाक प्रधानमंत्री मुजफ्फराबाद का दौरा कर रहे हैं तो कभी भारत के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दुनिया का ध्यान बंटा रहे हैं। लेकिन सच्चाई यही है कि उसके हाथ से अब पीओके सरक रहा है।

दरअसल, पीओके मूल कश्मीर का वह भाग है जिस पर पाकिस्तान ने 1947 में अवैध घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था, जबकि असल में यह क्षेत्र भारत का है। 26 अक्टूबर, 1947 को कश्मीर के राजा हरि सिंह ने पाकिस्तानी कबायली आक्रमणकारियों से बचाने के लिए भारत सरकार से सैनिक सहायता की मांग की और कश्मीर को भारत में सम्मिलित करने की प्रार्थना की। भारत सरकार ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार लिया और 6 फरवरी, 1954 को कश्मीर की संविधान सभा ने एक प्रस्ताव के जरिए जम्मू-कश्मीर राज्य का विलय भारत में




होने की पुष्टि की। भारत सरकार ने भारतीय संविधान में संशोधन कर 14 मई, 1954 को अनुच्छेद 370 के अंतरगत जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया और 26 जनवरी, 1957 को जम्मू-कश्मीर का संविधान लागू हो गया। पीओके की सीमाएं पाकिस्तानी पंजाब एवं उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत से पश्चिम में, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान के वाखान गलियारे से, चीन के शिनझियांग उइगर स्वायत क्षेत्र से उत्तर और भारतीय कश्मीर से पूर्व में लगती है। इस क्षेत्र के पूर्व कश्मीर राज्य के कुछ भाग ट्रांसकराकोरम ट्रैक्ट को पाकिस्तान द्वारा चीन को दे दिया गया है तथा शेष क्षेत्र को दो भागों (उत्तरी क्षेत्र एवं आजाद क्षेत्र) में विलय कर दिया गया। इसी मसले पर 1947 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ और पाकिस्तान को करारी शिकस्त मिली। भारत ही नहीं बल्कि संयुक्त राष्ट्र सहित समेत अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस क्षेत्र को पीओके ही कहा जाता है। भारत की तत्कालीन नेहरू सरकार द्वारा देर से लिए गए निर्णय के कारण पाकिस्तान ने गिलगित व बाल्टिस्तान में कबायली वेष में फौज भेजकर लगभग आधे कश्मीर पर कब्जा कर लिया। पाकिस्तान के कब्जे के बाद भारत ने दावा किया कि महाराजा हरि सिंह से हुई संधि के परिणामस्वरूप पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर राज्य पर भारत का अधिकार है। लेकिन पाकिस्तान इसे मानने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय है कि 1949 से लेकर 1953 तक संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर समस्या पर गहन वाद-विवाद हुआ। संयुक्त राष्ट्र के भारत पाक आयोग ने 13 अगस्त 1948 तथा 6 जनवरी 1949 को हुए समझौते के आधार पर तीन महत्वपूर्ण चरणों में फैसला किया-एक युद्ध विराम, दूसरा अल्पकालीन संधि और तीसरा जनमत संग्रह। इसका प्रथम चरण अर्थात युद्ध विराम 1 जनवरी 1949 से प्रभावी हो गया लेकिन बाद के दो चरण और उनकी व्याख्या को लेकर दोनों देशों में उत्पन हुए गतिरोधों के कारण लागू नहीं हो सके। इसीलिए इस आयोग ने 5 दिसंबर 1949 को सौंपी अपनी अंतरिम रिपोर्ट में स्वीकार किया कि राज्य (कश्मीर) की स्थिति परिवर्तित हो गई है, वह भारत का है, लेकिन पाकिस्तान अभी भी अपनी पुरानी नीति पर कायम है। पाकिस्तान सेना की मदद से यहां के सामाजिक स्वरूप को योजनाबद्ध तरीके से बदल रहा है और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का सरगना हाफिज सईद यहां शरिया लागू करने के लिए अभियान चला रहा है। नतीजतन बाहर से आए लोगों का बोलबाला बढ़ रहा है और स्थानीय मूल समाज हाशिए पर जा पहुंचा है। दुनिया को यह पता है कि यहां पाक सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिए आतंकियों को प्रशिक्षित कर रही है। यहां 1947 से ही भारत के खिलाफ आतंकवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए पाकिस्तान की भारत विरोधी आतंकी नीति ही जिम्मेदार है। यहां समझना होगा कि पाकिस्तान की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य किसी भी तरह जम्मू-कश्मीर को हड़पना है। उसकी परराष्ट्र नीति का मूल प्रेरणा स्त्रोत भारत का भय और उसके निवारण के लिए मित्रों की खोज करना है। इसीलिए वह बार-बार अंतर्राष्ट्रीय मंचों के जरिए जम्मू-कश्मीर का मसला उठाकर भारत को विश्व बिरादरी से अलग-थलग करने का प्रयास करता है। इसके लिए वह कश्मीर में आतंक का समर्थन करता है और आतंकियों के मारे जाने पर उसकी आड़ में भारत के खिलाफ मानवाधिकार हनन का दुष्प्रचार करता है। पाक की विदेश नीति पर एक तत्व हावी है, वह है-भारत विरोध की नीति। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अब वह इस मसले पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर अपने चीन सरीखे मित्रों के जरिए मोर्चा खोलता रहता है। लेकिन उसे हर बार मुंह की खानी पड़ रही है, क्योंकि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ कंधा जोड़ने को तैयार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीपीटी-5 व लामा-3

शैलजा सिंह



# अगली पीढ़ी के चैटबॉट्स...

हाल ही में, ओपनएआई के चैटजीपीटी एआई-संचालित चैटबॉट और मेटा के लामा सिस्टम के नियोजित अपग्रेड के बारे में प्रचार-प्रसार हुआ है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कंपनी के चैटबॉट्स को शक्ति प्रदान करता है। इन प्रणालियों के पीछे की तकनीक को बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) के रूप में जाना जाता है। ये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क हैं, एक प्रकार का एआई जिसे मानव मस्तिष्क की नकल करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वे चैटबॉट्स के लिए सामान्य प्रयोजन पाठ उत्पन्न कर सकते हैं, और अवधारणाओं को वर्गीकृत करने, डेटा का विश्लेषण करने और पाठ का अनुवाद करने जैसे भाषा प्रसंस्करण कार्य कर सकते हैं। वे इन क्षमताओं को प्रशिक्षण नामक एक गहन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त करते हैं, जहां एआई सिस्टम जो करता है उसे बेहतर बनाने के प्रयास में बड़ी मात्रा में डेटा के संपर्क में आता है। उम्मीद है कि ओपनएआई और मेटा 2024 की गर्मियों के अंत से पहले अपने चैटबॉट्स के नए संस्करण जारी करेंगे - जिन्हें क्रमशः जीपीटी-5 और लामा 3 कहा जाता है। ये अपने पूर्ववर्तियों से भिन्न होंगे। अपने पूर्ववर्ती जीपीटी-4 की तरह, जीपीटी-5 छवियों और पाठ को समझने में सक्षम होगा। उपयोगकर्ता इससे किसी छवि का वर्णन करने के लिए कह सकेंगे, जिससे दृष्टिबाधित लोगों के लिए यह अधिक सुलभ हो जाएगा। जीपीटी-5 में विभिन्न भाषाओं के साथ बेहतर क्षमताएं होंगी, जिससे गैर-अंग्रेजी बोलने वालों के लिए सिस्टम के साथ संवाद करना और बातचीत करना संभव हो जाएगा। इसमें भाषा अनुवाद की अधिक निपुणता शामिल है। अपग्रेड में संवाद के संदर्भ की व्याख्या करने और भाषा की बारीकियों की व्याख्या करने की बेहतर क्षमता भी होगी। जीपीटी-5 में अधिक उन्नत तर्क क्षमताएं होंगी, जिसका अर्थ है कि यह अधिक जटिल डेटा सेट का विश्लेषण करने और अधिक परिष्कृत समस्या-समाधान करने में सक्षम होगा। यह तर्क एआई प्रणाली को नए अनुभवों से सीखकर निर्णय लेने में सक्षम बनाएगा। यह अधिक सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होगा। जीपीटी-5 एक समय में 50,000 शब्दों तक प्रोसेस कर सकता है, जो जीपीटी-4 की तुलना में दोगुना है, जिससे यह बड़े दस्तावेज़ों को संभालने के लिए और भी बेहतर होगा। इसमें उच्च स्तर की भावनात्मक बुद्धिमत्ता होगी, जो उपयोगकर्ताओं के साथ अधिक सहानुभूतिपूर्ण संवाद में मददगार होगी। यह ग्राहक सेवा सहित कई सेटिंग्स में उपयोगी हो सकता है। जीपीटी-5 जानकारी को खोजने और पुनः प्राप्त करने के तरीके की सटीकता में भी महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित करेगा, जिससे यह सीखने के लिए अधिक विश्वसनीय स्त्रोत बन जाएगा। जीपीटी-5 उस इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ अधिक संगत होगा, जहां घर व अन्य जगहों पर डिवाइस जुड़े होते हैं और जानकारी साझा करते हैं। इसे उद्योग 5.0 नामक अवधारणा का समर्थन करने में भी मदद करनी चाहिए, जहां मनुष्य और मशीनें एक ही कार्यस्थल के भीतर परस्पर क्रिया करते हैं। जीपीटी-5 में अधिक मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल होंगे जो इस संस्करण को दुर्भावनापूर्ण उपयोग और गलत प्रबंधन के खिलाफ अधिक मजबूत बनाएंगे। लामा-3 मेटा का जीपीटी-5 का प्रतिस्पर्धी है। इसमें अपने पूर्ववर्ती लामा-2 की तुलना में कई सुधार हैं। यह एक अधिक सक्षम मॉडल है जो अंततः अपने पूर्ववर्ती लामा-2 के अधिकतम 70 अरब मापदंडों की तुलना में 400 अरब मापदंडों के साथ आएगा। मशीन लर्निंग में, पैरामीटर एक शब्द है जो एआई सिस्टम में एक वेरिएबल का प्रतिनिधित्व करता है जिसे प्रशिक्षण प्रक्रिया के दौरान समायोजित किया जा सकता है, ताकि सटीक भविष्यवाणियां करने की क्षमता में सुधार हो सके। लामा-3 मल्टीमॉडल भी होगा, जिसका अर्थ है कि यह टेक्स्ट, छवियों और वीडियो को संसाधित करने और उत्पन्न करने में सक्षम है। यह अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में कार्य करने में सक्षम होगा और इसमें लामा 2 की तुलना में बड़ी संदर्भ विंडो होगी। एक संदर्भ विंडो पाठ की उस सीमा को दर्शाती है जिसे एलएलएम सूचना उत्पन्न होने के समय संसाधित कर सकता है। इसका तात्पर्य यह है कि जब मॉडल को भविष्यवाणियां करने और प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करने के लिए कहा जाएगा तो वह कम समय के भीतर पाठ या डेटा के बड़े हिस्से को संभालने में सक्षम होगा। मेटा गूगल क्लाउड सहित कई अन्य अनुप्रयोगों के साथ काम करने में सक्षम होने के लिए लामा-3 को कई अलग-अलग संस्करणों में लॉन्च करने की योजना बना रहा है। मेटा ने घोषणा की कि सबसे उन्नत संस्करण की रिलीज़ से पहले, लामा-3 के और अधिक बुनियादी संस्करण जल्द ही लॉन्च किए जाएंगे, जो अगली गर्मियों में होने की उम्मीद है। चैटबॉट्स की इस नई पीढ़ी में परिवर्तन न केवल जेनरेटिव एआई में क्रांति ला सकता है, बल्कि मानव-मशीन इंटरैक्शन में एक नए युग की शुरुआत भी कर सकता है जो वैश्विक स्तर पर उद्योगों और समाजों को बदल सकता है।

(लेखिका टेकविद् और साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
## दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
## प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गाँव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गाँव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गाँव में अंदर गया तो उसने देखा वहाँ एक नदी थी जहाँ बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहाँ नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गयी और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हैं और मुसीबत देखकर वापस लौट जाते हैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना सरकार का दायित्व

अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। दूषित जल के कारण लोगों की जो सेहत खराब होती है, उसके लिए कौन जिम्मेवार है, सरकार, प्रशासन या फिर आम जन? दूषित जल के लिए तो सरकार और प्रशासन ही ज्यादा जिम्मेवार हैं, क्योंकि आम जन को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं में स्वच्छ जल उपलब्ध करवाना मुख्य होता है। लेकिन हमारे देश के सत्ताधारियों की आदत बन चुकी है आग लगने के बाद कुआं खोदने की। कई बार तो कुआं खोदने की भी कोशिश नहीं करते, बस लापरवाहियों पर शिकंजा कसने का आश्वासन देकर अगली लापरवाही तक लंबी तान कर सो जाते हैं। सरकार को ऐसे भरसक प्रयास करने चाहिए कि आम जन को स्वच्छ जल उपलब्ध हो। – *पवन सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### रायबरेली भी तैयार



राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी में किन लोगों ने उन्हें धोखा दिया है। वे किसे सबक सिखाना चहाते हैं। और अब वे अमेठी में अपमानित को क्यों अपमानित कर रहे हैं। रायबरेली भी उन्हें हराने के लिए तैयार हैं।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### प्रबुद्ध लोगों की धरा



प्रधानमंत्री जी पीरजादा है इसलिए शहजादा बोल रहे है। वे पीरजादे यानि बुजुर्ग है। हम छोटे लोगों को कुछ भी बोल सकते हैं। लेकिन झूठ अधिक बोलते हैं। मिथिला की धरती प्रबुद्ध लोगों की धरा है यहां के लोग बेकार की नहीं काम की बात सुनते हैं।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

### कैसे मदद कर सकते हैं



इसका नाम जसप्रीत है। कुल्चे बेचता है। लेकिन उसकी शिक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। मुझे विश्वास है, वह दिल्ली के तिलक नगर में है। यदि किसी के पास उनका संपर्क नंबर हो तो कृपया इसे साझा करें ताकि पता लगाएं कि इसकी शिक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### लोगों को हंसाया



अपनी कुछ तस्वीरें देखने के बाद मुझे एहसास हुआ कि स्थिर मन के सामने मेरा व्यवहार आश्चर्यजनक रूप से अच्छा है। आइए बस एक ठंडी गोली लें और कुछ वीडियो दोबारा देखें, जिन्होंने अन्य लोगों को हंसाया है।

-काजोल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# सुनीता विलियम्स तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा करने तैयार



भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 58 साल की उम्र में मंगलवार को बतौर पायलट तीसरी बार अंतरिक्ष की उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वह बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान से उड़ान भरेंगी जिसे फ्लोरिडा में केप केनवेरल के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से छोड़ा जाएगा। स्टारलाइनर विलियम्स और बुच विलमोर को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र लेकर जाएगा जो संकटग्रस्त बोइंग कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण और बहु-प्रतीक्षित सफलता हो सकती है। अंतरिक्ष यान सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात 10:34 बजे (मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार 8:04 बजे) रवाना होगा। 'ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' (बीबीसी) ने विलियम्स के हवाले से कहा, 'हम सभी यहां हैं क्योंकि हम सभी तैयार हैं। हमारे दोस्तों और मित्रों ने इसके बारे में सुना है और हमने इसके बारे में बात की है और वे खुश तथा गौरवान्वित हैं कि हम इस प्रक्रिया का हिस्सा हैं।' अंतरिक्ष यान के विकास में कई झटकों के कारण इस अभियान में कई वर्षों की देरी हुई है। अगर यह कामयाब हो जाता है तो एलन मस्क की 'स्पेसएक्स' के साथ यह दूसरी निजी कंपनी बन जाएगी जो चालक दल को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र तक ले जाने और वापस लाने में सक्षम होगी।

## ऑफ बीट

# पेड़ों पर छाल क्यों होती है? इसका क्या काम होता है



छाल पेड़ों को विविध सामग्री चारों ओर ले जाने में मदद करती है। कई पेड़ों की छाल दो अलग-अलग चीजों से बनी होती है। पहली चीज़ को फ्लोएम कहा जाता है और यह काफी जटिल चीज़ है। इसका मुख्य काम शर्करा और हार्मोन जैसे रसायनों को पेड़ के ऊपर, नीचे और आसपास पहुंचाना है। वास्तव में, फ्लोएम पेड़ के चारों ओर पौधे के लिए आवश्यक किसी भी चीज़ को स्थानांतरित कर सकता है। यह एक बहुत अच्छा कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। दूसरी चीज़ को कॉर्क कहते हैं और कई पेड़ों में फ्लोएम और कॉर्क एक साथ मिले होते हैं. कॉर्क पेड़ को हानिकारक कीड़ों और कवक से बचाने में मदद करता है। यह पेड़ के कुछ हिस्सों को बहुत अधिक गर्म या बहुत ठंडा होने से बचाने में भी मदद करता है। हमारी तरह, पेड़ भी सही तापमान पर सबसे अच्छा काम करते हैं। तो यह सुरक्षा एक महत्वपूर्ण कारण है कि पेड़ों की छाल क्यों होती है। कुछ पेड़ों की छाल पतली चिकनी होती है जो हर साल झड़ जाती है। अन्य पेड़ों की छाल मोटी, रोएँदार या झुर्रीदार होती है जो महीनों या कई वर्षों में टुकड़ों में झड़ती है। जैसे-जैसे पेड़ बड़ा होता जाता है, छाल नियमित रूप से बदलती रहती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
मंगलवार, 7 मई 2024
बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 22, अंक: 289
पृष्ठ : 14+8 = 22 मूल्य: 5.00**

**मौसम**
अधि. 43.0
न्यून. 30.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



04 गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज...

विचार पेज
पाक के दमन से उबलता पीओके

# राधिका ने लगाए गंभीर आरोप, सुशील की चुनौती- साबित करें नहीं तो मानहानि का दावा

**अलग खबर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एआईसीसी की मीडिया कोर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट पर तीखे आरोप जड़े। उन्होंने कहा-छत्तीसगढ़ में उनसे लगातार बद्तमीजी होती रही। उनकी शिकायत पर बड़े नेताओं ने कोई कार्रवाई नहीं की। खेड़ा के इन अरोपों पर सुशील ने कहा, मुझ पर बहुत सारे अनर्गल तथ्यहीन मिथ्या आरोप लगाये गए हैं। मेरी चरित्र हत्या करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने राधिका को चुनौती ▶▶|शेष पेज 2 पर

## मैंने सोचा नहीं था मुझे ऐसी सजा मिलेगी- राधिका



### सभी दिग्गज नेताओं को फोन किया किसी ने नहीं उठाया

*कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को दिल्ली में राधिका खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रियंका गांधी के नारे, 'लड़की हूं तो लड़ सकती हूं' पर भी कटाक्ष किया। कांग्रेस का अब स्लोगन है 'लड़की हो तो पिटोगी'। उन्होंने कहा, मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझे ऐसी सजा मिलेगी। उन्होंने कहा,* ▶▶|शेष पेज 2 पर



### सुशील ने कहा- उनके तमाम आर्थिक हित राज्य सरकार से जुड़े

मुझ पर यह आरोप लगाया कि मैंने उनको शराब ऑफर की, जबकि सारा छत्तीसगढ़ जानता है, जो लोग मुझे जानते हैं, वे विश्वास नहीं कर सकते कि मैंने कोई अभद्रता की होगी। जहां तक शराब ऑफर का सवाल है, मैं तो क्या मेरे पूरे खानदान में किसी ने आज तक शराब नहीं पी है। उनके तमाम आर्थिक हित राज्य की सरकार से जुड़े हैं। वे अपना ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मीडिया विभाग के लोगों से बदतमीजी उनकी फितरत

बात-बात में मीडिया विभाग के लोगों से बदतमीजी करना उनकी फितरत थी। वे कोर्डिनेटर थीं, लेकिन दबाव बनाती थीं। वे जब से छत्तीसगढ़ आई थीं कांग्रेस संचार विभाग को नीचा दिखाने स्वयं को बड़ा बनाने की कोशिश करती थीं।

## पूरे मामले में कुछ भाजपा नेता संलिप्त- सुशील

### राधिका भाजपा की भाषा बोल रही हैं : दीपक बैज



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राधिका की सुनवाई हो रही थी। हाईकमान ने मामले को संज्ञान लेकर जांच का निर्देश जारी किया। घटना की जांच मैंने खुद की थी और रिपोर्ट भी भेज दी है। उनको थोड़ा इंतजार कर लेना चाहिए था। न्याय पाने के कई रास्ते हैं। देख लेना चाहिए था कि इंसाफ मिल रहा है या नहीं। उन्होंने जल्दबाजी क्यों की? जानबूझकर उलझना, फिर नए नाम जोड़ना प्लानिंग का हिस्सा है। विवाद पैदा कर नया रंग देकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश हो रही है। अब यह स्पष्ट है, राधिका खेड़ा भाजपा की भाषा बोल रही हैं। भाजपा में जाने जानबूझकर इस तरह से विवाद कर रही हैं।*

---

**INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड**

हैदराबाद 173/8 Vs मुंबई 174/3

7 विकेट से जीती मुंबई

102* रन : सूर्यकुमार यादव
प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच
दिल्ली Vs राजस्थान
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल देशभर में शुरू करेगी 4जी सेवाएं



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। बीएसएनएल के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है।

### झारखंड के टेंडर घोटाले में धनशोधन मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# छापे में मंत्री के पीएस का नौकर निकला करोड़पति, घर में मिला 35 करोड़ कैश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रांची

प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के कई परिसर की तलाशी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी और कई आधिकारिक दस्तावेज बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंत्री से जुड़े स्थान से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई वहीं केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसर में की गई तलाशी में अलग से तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की। ईडी पिछले साल से इस मामले की जांच कर रही है और उसने राज्य ▶▶|शेष पेज 2 पर

- सेल सिटी समेत कुल नौ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

*झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी बड़ी कार्रवाई कर रही है। इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था, जिसके बाद पीएमएलए के तहत नौ ठिकानों पर छापेमारी की गई है, साथ ही झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के परिसरों की तलाशी ली गई है। यहां से ईडी ने करीब 35 करोड़ नकद बरामद किए हैं।*

### जेल में पूर्व चीफ इंजीनियर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने फरवरी 2023 में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में छापेमारी की थी और उन्हें गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र राम अभी भी जेल में बंद हैं।



### संजीव कुमार के घरेलू नौकर के ठिकाने पर दबिश

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईडी की छापेमारी में मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव कुमार लाल के घरेलू नौकर के आवास से कैश मिले हैं। ईडी की ओर से कैश की गिनती की जा रही है। साथ ही ईडी इन पैसों के स्रोत के बारे में जानकारी ले रही है। जहांगीर आलम अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित फ्लैट नंबर 1 ए, पतला तल्ला, सर सैयद रेजीडेंसी ब्लॉक बी में रहता है।

### नौ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

रांची के सेल सिटी समेत कुल नौ ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। सोमवार की सुबह ईडी की टीम सेल सिटी में पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के ठिकाने की तलाशी ले रही है। वहीं ईडी की दूसरी टीम बरियातू, मोरहाबादी और बोड़यिा इलाके में छापेमारी कर रही है। जेल में बंद इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले को लेकर ईडी की टीम ने यह कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, जिन लोगों के यहां ईडी की रेड की जा रही है, उनमें कुछ राजनेता और अधिकारी शामिल हैं।

### केवरा गड़रिया पारा का मामला

# शादी समारोह में रसगुल्ला खाने से 15 को उल्टी-दस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैयाथान/अंबिकापुर



शादी समारोह में दूषित भोजन करने से 15 से अधिक लोग उल्टी दस्त के शिकार हो गए। उल्टी दस्त के शिकार लोग पंडो बस्ती के रहने वाले है और इनमें भी सर्वाधिक बच्चे शामिल है। बीमार ग्रामीणों को उपचार के लिए केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इधर घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाकर लोगों की जांच की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मरीजों की स्थिति सामान्य

शादी समारोह में बासी रसगुल्ला खाने से पंडो बस्ती के महिलाएं, बच्चे बीमार हुए थे। उल्टी दस्त की शिकायत पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीन बच्चों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है जबकि बाकी महिलाओं व बच्चों का उपचार जारी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में कैंप लगाया गया। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है।

-डॉ. आरएस सिंह, सीएमएचओ



## जैकेट के शेष

### वोट झुलसेंगे या बरसेंगे...

की नियुक्ति की गई है। तृतीय चरण में कुल 25 मतदान केंद्र को असुरक्षित, 1072 मतदान केंद्र को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन मतदान केंद्रों में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए वेब कास्टिंग, वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। कुल 2809 संगवारी मतदान केंद्र, 306 आदर्श मतदान केंद्र, 235 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा संचालित केंद्र और कुल 283 मतदान केंद्र शेडो एरिया के रूप में चिन्हांकित किए गए हैं। 7887 मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। सातों लोकसभा क्षेत्रों के लिए 37855 बैलट यूनिट, 19097 कंट्रोल यूनिट, 20984 वीवीपैट से मतदान होगा।

### रायपुर में बृजमोहन और...

लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, वे आठ बार विधानसभा चुनाव जीते और कई बार राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। पिछला विधानसभा चुनाव उन्होंने रायपुर दक्षिण से रिकार्ड 67 हजार से अधिक वोटों से जीता था। कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय एक बार विधायक रहे हैं, वे 2023 का विधानसभा चुनाव रायपुर पश्चिम से हारे गए थे। 2018 में उन्होंने पहली बार रायपुर पश्चिम विधानसभा सीट जीती थी। वे राज्य की कांग्रेस सरकार में संसदीय सचिव भी रहे हैं।

### दुर्ग में विजय बघेल और...

विजय बघेल रिकार्ड 3 लाख 92 हजार वोटों से जीते थे। उन्होंने कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। इस बार फिर से वे मैदान में हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस ने इस बार राजेंद्र साहू को उतारा है। वे पूर्व में दुर्ग जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहे हैं। उनके लिए यह पहला लोकसभा चुनाव है।

### बिलासपुर में तोखन और...

इससे पूर्व 2013 में विधायक रहे हैं। 2015 में वे तत्कालीन रमन सरकार के कार्यकाल में संसदीय सचिव भी रहे हैं। उन्होंने भाजपा में किसान मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव भिलाई के विधायक है। उन्होंने 2013 और 2018 का विधानसभा चुनाव जीता। वे भिलाई के मेयर भी रहे हैं। लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें बिलासपुर लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

### रायगढ़ में राधेश्याम और...

पंचायत के उप सरपंच पद से हुई थी, जब वे निर्विरोध इस पद के लिए चुने गए थे। इसके बाद वे जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष आदि पदों पर रहे। भाजपा में अजा मोर्चे के जिला अध्यक्ष भी रहे हैं। लोकसभा का यह पहला चुनाव है। कांग्रेस ने इस सीट से मेनका देवी सिंह प्रत्याशी हैं। वे पेशे से डॉक्टर हैं। इसके साथ ही वे सारंगढ़ राजपरिवार की सदस्य हैं। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहीं हैं।

### जांजगीर-चांपा में कमलेश और...

राजनीति में कई साल से सक्रिय रही है। पार्टी ने पहली बार उन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा है। उनके मुकाबले कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. शिवकुमार डहरिया है। वे 2018 में विधानसभा का चुनाव जीतकर कांग्रेस सरकार में मंत्री बने थे। लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी ने जांजगीर चांपा सीट के लिए प्रत्याशी बनाकर भरोसा जताया है।

### कोरबा में सरोज पांडेय और...

सरोज पांडेय भिलाई की निवासी है, वे पूर्व में दुर्ग की मेयर, दुर्ग लोकसभा से सांसद और विधायक भी रही है। वे राज्यसभा सदस्य भी रहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत 2019 में कोरबा लोकसभा सीट जीती थी। इस चुनाव में उन्होंने भाजपा को शिकस्त दी थी। यह उनका पहला लोकसभा चुनाव था। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.चरणदास महंत की पत्नी है।

### सरगुजा से चिंतामणी और...

महाराज 2018 में कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे, लेकिन 2023 में इन्हें कांग्रेस की टिकट नहीं मिली तो वे नाराजगी के साथ भाजपा में चले गए थे। हालांकि वे पूर्व में भी भाजपा में रहे हैं। कांग्रेस ने शशि सिंह को उतारा है, वे दिवंगत कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह की बेटी है। वे पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं।

### 11 राज्यों की...

गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह की किस्मत दांव पर है। इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है। चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे चरण में कुल 1352 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1229 पुरुष और 123 (9फीसदी) महिला हैं।

### तीन केंद्र ऐसे जहां...

है। यहां लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए सोमवार की शाम मतदान टीम सकुशल पहुंच गई है। भरतपुर-सोनहत विधानसभा का यह इलाका प्रदेश का सबसे विरल जनसंख्या घनत्व वाला क्षेत्र है। क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा गुरूघासीदास नेशनल पार्क स्थित है, जो सघन वनों से आच्छादित है, इसके कारण कई गांव ऐसे हैं, जहां तक पहुंचने के लिए सुलभ सड़क मार्ग भी नहीं है, बमुश्किल से ट्रैक्टर के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। ऐसे दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र में भी मतदान केन्द्र गया बनाया है, ताकि वहां के मतदाताओं को अपने मताधिकार के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। 6 मई को मतदान सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला बैकुंठपुर से भरतपुर-सोनहत विधानसभा के इन दूरस्थकेन्द्रों के मतदान दल को कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुबह 9 बजे वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना, मिठाई खिलाकर रवाना किया।

### दुर्गम पहाड़ी पर मतदान...

बीच बीते सप्ताह कलेक्टर व निर्वाचन दल ने जाकर मतदान का महत्व समझाते हुए वोट करने का संकल्प कराया था। छुहीपहाड़ में कुल 3 सौ मतदाता हैं। सोमवार को सभी पोलिंग बूथों के साथ साथ छुहीपहाड़ के मतदान केन्द्र के लिए भी पोलिंग पार्टी को जरुरी संसाधनों के साथ रवाना किया गया।

## पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुआ था हमला

# आतंकियों का सुराग देने पर 20 लाख के इनाम की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था। अब सुरक्षा बलों ने हमले को अंजाम देने वाले दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। सुरक्षा बलों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 20 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। शनिवार शाम को पुंछ में शाहसितार के पास आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला कर दिया था। इसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के कॉर्पोरल विक्की पहाड़े की घात लगाकर किए गए हमले में मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने शाहसितार इलाके में सर्च ऑपरेशन अभियान चला रहे हैं। सेना ने आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सशस्त्र बुलेटप्रूफ वाहनों और डॉग स्क्वॉड को लगाया है। रविवार को कई वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया।

### कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया

जम्मू के एडीजीपी ने कहा, "16 कोर के कोर कमांडर और एडीजी जम्मू जोन आनंद जैन ने जीओसी रोमियो फोर्स, आईजीपी सीआरपीएफ और डीआइजी आरपी रेंज के साथ आज इलाके का दौरा किया और चल रहे बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान की निगरानी की। कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है।"

### अबू हमजा पर सुरक्षा बलों का संदेह

हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक विदेशी नागरिक अबू हमजा के नेतृत्व वाले आतंकवादियों के एक गुट का हाथ होने का संदेह है। हमजा पर 22 अप्रैल को राजौरी में सरकारी कर्मचारी मोहम्मद रजाक की हत्या की साजिश रचने का भी आरोप है। हमजा पर पुंछ और राजौरी के जंगलों में सक्रिय होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने तलाशी की निगरानी के लिए घटना स्थल का दौरा किया। एक अधिकारी ने कहा, "जर्रा वली गली इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है।" चल रहे ऑपरेशन में पैरा कमांडो को तैनात किया गया है, बलों ने बैरिकेड्स लगाए हैं और आतंकवादियों का पता लगाने और भागने से रोकने के लिए हेलीकॉप्टरों से हवाई निगरानी भी की जा रही है।

## अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़ चार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| सहारनपुर

उत्तर प्रदेश की सहारनपुर पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 18 अवैध हथियार के साथ 3 देसी बंदूक 12 बोर, 315 बोर के 5 तमंचे और कई अधबने हथियार और बॉडी पार्ट्स बरामद किए। मुखबिर के जरिए पुलिस को इस अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री की जानकारी हुई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक आगमी लोकसभा चुनावों को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड पर काम कर रही है।

## रतलाम में बोले राहुल गांधी

# 'इन चुनावों का उद्देश्य संविधान बचाना भाजपा-आरएसएस इसे बदलना चाहते'

एजेंसी ▶▶| रतलाम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को मौजूदा लोकसभा चुनावों में 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी और इन चुनावों का उद्देश्य संविधान बचाना है जिसे भगवा पार्टी और आरएसएस बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के तहत अलीराजपुर जिले के जोबट शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए कहा कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी। राहुल गांधी ने दावा किया, "भाजपा नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे किताब (संविधान) को बदल देंगे। उन्होंने 'अबकी बार, 400 पार' का नारा दिया है। 400 तो छोड़िए, उन्हें 150 सीटें भी नहीं मिलेंगी।



### लोगों के अधिकार छीनना चाहते हैं पीएम मोदी

राहुल गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "हम इसे रोकना चाहते हैं।" उन्होंने दावा किया, "उनके नेताओं ने कहा है कि वे आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को दिया गया आरक्षण छीन लेंगे।" कांग्रेस नेता ने कहा, "मैं इस मंच से आपको बताना चाहता हूं कि आरक्षण छीनने की बात तो छोड़ दीजिए, हम इसे 50 प्रतिशत से ऊपर बढ़ाने जा रहे हैं। अदालत ने आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत पर सीमित कर दी है।" राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार आदिवासियों, दलितों और ओबीसी को उनकी जरूरत के मुताबिक आरक्षण देने का काम करेगी।

## पेज एक के शेष

### राधिका ने लगाए गंभीर...

दी कि अपना आरोप साबित करें, नहीं तो मानहानि का दावा करूंगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा के दौरान मुझे सुशील आनंद शुक्ला ने शराब ऑफर की। भूपेश बघेल ने कहा, छत्तीसगढ़ छोड़ दो। राजीव भवन में मुझे बंद किया गया, मैं चीखती-चिल्लाती, गुहार लगाती रही। मुझे गालियां दी गईं। मैंने ये बात सचिन पायलट, भूपेश बघेल और जयराम रमेश को बताई, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

### सभी दिग्गज नेताओं को फोन...

मैं अयोध्या धाम दर्शन करने गई थी। रामलला का दर्शन करने पर विरोध इस कदर से होगा, मैंने कभी नहीं सोचा था। जब से रामलला के दर्शन करके आई हूं, मुझे निरंतर विरोध का सामना करना पड़ा।

### सुशील ने कहा- उनके तमाम...

कॉल रिकार्ड स्वयं निकालकर सार्वजनिक करें, पता चल जायेगा कि उन्होंने भाजपा के नेताओं से कब-कब बात की? ऐन चुनाव के समय वे जानबूझकर विवाद कर पार्टी की छवि खराब करना चाहती थीं। उनका भाजपा के लोगों से भी लगातार संबंध था। भाजपा का एक प्रवक्ता इनके कहने पर सब मामले का ट्विट करता है तथा मेरे लिये अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करता है। इस पूरे मामले में कुछ भाजपा नेता भी संलिप्त हैं।

### छापे में मंत्री के पीएस का...

ग्रामीण विकास विभाग के एक पूर्व मुख्य अभियंता को गिरफ्तार किया है। सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर स्थित 2बीएचके फ्लैट में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां खाली करते हुए दिखाई देते हैं। ईडी के सूत्रों के अनुसार, नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गईं। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान उस इमारत पर पहरा देते नजर आए जहां फ्लैट स्थित है। सूत्रों ने कहा कि जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है। उन्होंने बताया कि जिस परिसर में नकदी मिली, उसकी चाबियां लाल के फ्लैट से जब्त की गई थीं। सूत्रों ने कहा कि ईडी द्वारा राज्य के मुख्य सचिव को लिखा गया एक आधिकारिक दस्तावेज और सिफारिशी स्थानांतरण तथा पदस्थापना पत्र भी परिसर में तलाशी के दौरान पाए गए। मंत्री आलम नेकहा, मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है।" आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### शादी समारोह में रसगुल्ला...

जा रही है। अब तक की जांच में पांच दिनों पुराना रसगुल्ला खाने से डायरिया की शिकायत होने की बात कही जा रही है। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य है और तीन मरीजों को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम केवरा गड़रिया डीह एक पंडो बाहुल्य गांव है। इस गांव में शादी का समारोह चल रहा था। शादी समारोह के तहत दी गई पार्टी में खाना खाने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में लोग उल्टी दस्त के शिकार हो गए। डायरिया होने पर गांव से लगभग 11 लोगों को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह के निर्देश पर बीएमओ व टीम द्वारा गांव में कैंप लगाया गया जहां जांच उपरांत तीन से चार अन्य लोगों को देर रात उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार के बाद 3 बच्चों को छुट्टी दे दी गई।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. eT-HQ-WAT-10-2024
दिनांक : 25.04.2024

**कार्य का नाम :** वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 12 महीने के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा विश्राम गृहों (VRV, ORH, (स्टेशन रोड), SRH, IRH, ग्रूप-D विश्राम गृहों, ट्रैन्जिट फ्लैट एवं ट्रैन्जिट आवास) का देखभाल एवं रख-रखाव।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 54,32,172.46, EMD : ₹ 1,08,700/-, निविदा दस्तावेज की लागत: ₹ 5,900/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 17.05.2024 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-84/P/24-25

## रेवन्ना के वकील ने कोर्ट में दाखिल की जमानत याचिका

**नई दिल्ली।** सैकड़ों महिलाओं के यौन शौषण के मामले में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के बेटे जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना ने सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। उनकी तरफ से उनके वकील पवन सागर ने ये याचिका कोर्ट में दाखिल की है। बीते शनिवार को उन्हें अपहरण एक केस में गिरफ्तार किया गया था। पिछले हफ्ते गुरुवार को मैसूरु में एक महिला के अपहरण का केस दर्ज कराया गया था। वो महिला भी यौन शोषण की शिकार है। इस मामले में 2 मई को राजू एचडी नामक एक शख्स ने कर्नाटक केआर नगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का केस दर्ज कराया था। उसने अपनी शिकायत में कहा था कि वो और उसकी मां छह साल से एचडी रेवन्ना के घर और फार्महाउस में काम कर रहे थे। लेकिन तीन साल पहले वो लोग काम छोड़कर अपने गांव में मजदूरी करने लगे।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** राहुल कुमार साहू पिता/पति परसराम साहू, विजय नगर अवन्ती विहार रायपुर, शिवपाल सिंह निर्मलकर पिता/पति पुनीत राम निर्मलकर, पंडरी रायपुर, अमित कुमार पटेल पिता/पति बरातु लाल पटेल, पंडरी रायपुर, तनुष पटेल पिता/पति अमित कुमार पटेल, पंडरी रायपुर, कुणाल साहू पिता/पति दीपक साहू, विजय नगर रायपुर, शांति साहू पिता/पति गेंदलाल साहू, बजरंग नगर गोगांव रायपुर, राजेंद्र कुमार साहू पिता/पति स्व. राम साहू, बजरंग नगर गोगांव रायपुर, योगेन्द्र कुमार साहू पिता/पति राजेंद्र कुमार साहू., बजरंग नगर गोगांव रायपुर, संतोषी साहू पिता/पति गिरधारी लाल साहू, अमलीडीह रायपुर, प्रत्युष चंद्रवंशी पिता/पति महेंद्र कुमार चंद्रवंशी, म.न 32 आकाश नगर रायपुर, टकेश कुमार साहू पिता/पति माधव प्रसाद साहू, छ ग नगर रायपुर, संगीता चंद्रवंशी पिता/पति महेंद्र कुमार चंद्रवंशी, म.न 32 आकाश नगर रायपुर, गिरीश श्रीवास्तव पिता/पति डॉ. नलिनीकान्त, एल आई जी -85 से. पु. प दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर, शिव कुंर मसुकर पिता/पति डॉ जी मसुकर, श्रीराम चौक बड़ा अशोक नगर गुडीयारी रायपुर, गंगा चंद्राकर पिता/पति गणेश राम चंद्राकर, सूरज नगर लाभांडी रायपुर, संतराम कोसले पिता/पति स्व. देवलाल कोसले, प्रेम नगर गुढ़ियारी रायपुर, गिरजा शंकर साहू पिता/पति स्व. परस राम साहू, ख़ुशी कॉलोनी सीता नगर रायपुर, पवन कुमार सोनी पिता/पति खेलन कुमार सोनी, चंद्राकर किराना स्टोर अयोध्या रायपुर, ईश्वरी लाल साहू पिता/पति धन्वाराम साहू, वी आई पी रोड फुंडहर रायपुर, राजेंद्र कुमार साहू पिता/पति रामू साहू, चंगोरा भाठा रायपुर, बीनू शांडील्य पिता/पति अमृत लाल शांडील्य, विकास विहार महादेव घाट रोड रायपुर, एम पी मिंज पिता/पति मोहन राम मिंज, सेक्टर 2 ब्लाक 13 म न.12 कांशीराम नगर रायपुर, अमिर चंद पिता/पति भागवत साहू, भारत नगर गुढ़ियारी रायपुर, मोहन लाल वर्मा पिता/पति स्व. जगत राम वर्मा, पथरी बैकुण्ड रायपुर, रमन लाल यादव पिता/पति स्व. साधू राम यादव, कुशालपुर आदर्श नगर रायपुर, ईश्वर प्रसाद साहू पिता/पति बीरबल साहू, विकास नगर रायपुर, शोभा निर्मलकर पिता/पति देवकुमार निर्मलकर, उरला रोड राम नगर जिला दुर्ग, नरेश कुमार ठाकुर पिता/पति स्व. दिलीप कुमार ठाकुर, बलौदी भेडसर जिला दुर्ग शंकर लाल साहू पिता/पति बुधराम साहू, खम्हरिया पुरई जिला दुर्ग, नरसिंह ठाकुर पिता/पति स्व. एस.पी.एस. ठाकुर, म न. 55 हनुमान नगर जिला दुर्ग, रमेश वर्मा पिता/पति पाल वर्मा, शंकर नगर दुर्ग जिला दुर्ग, आर्यन देवांगन पिता/पति सतीश कुमार देवांगन, सड़क न. 1 म न. 458 वार्ड 41 कसारडीह जिला दुर्ग, पवन लाल दमाहे पिता/पति अमर लाल दमाहे, तितुरडीह नयापारा जिला दुर्ग, शिव दयाल पिता/पति शीशपाल देशमुख, थानौद अंजोरा भाटापारा जिला दुर्ग, मुकुंद राम वर्मा पिता/पति घसिया राम वर्मा, शिवनाथ नगर अंजोरा जिला दुर्ग, ईश्वरलाल साहू पिता/पति राम साहू, रसमडा जिला दुर्ग, संतोष कुमार श्रीवास पिता/पति स्व. धनाराम श्रीवास, धनौद जिला दुर्ग, फनिश कुमार देशमुख पिता/पति तोरनलाल देशमुख, बिरेझर जिला दुर्ग, पायल किराना स्टोर पिता/पति दिलीप देवांगन, बिरेझर जिला दुर्ग, सुमित्रा निषाद पिता/पति शत्रुहन. निषाद, गयानगर दुर्ग जिला दुर्ग, योगिता राजस्व पिता/पति युवराज सिंह राजस्व, दुर्गा चौक के आगे वार्ड न. 10 सहनकर नगर जिला दुर्ग, लक्ष्मी निषाद पिता/पति स्व. बाबूलाल, कुटेला भाटा जिला दुर्ग, मानिक सेन पिता/पति स्व. मनहरण सेन, नवागाँव जिला दुर्ग, पुरानिक राम साहू पिता/पति स्व. झुमुक राम साहू, गाँव कुरुस्केरा राजिम जिला गरियाबंद, सुरेश सिन्हा पिता/पति रमेश चन्द्र सिन्हा, टेंगनाबासा छुरा जिला गरियाबंद, सुखीराम साहू शिक्षक पिता/पति भुखानलाल साहू, करकरा रानिपरतेवा जिला गरियाबंद, विरेंद्र कुमार ध्रुव पिता/पति बुद्धू राम ध्रुव, कुरूद पांडुका जिला गरियाबंद, बिलेश कुमार निषाद पिता/पति बहुर सिंह निषाद, थाना छुरा जिला गरियाबंद, दुलेश कुमार यदु पिता/पति तिलक राम यदु, भीरा नवापारा जिला गरियाबंद, पूजा देवांगन पिता/पति दीपक कुमार देवांगन, वार्ड न 14 शंकर नगर राजिम जिला गरियाबंद, त्रिवेणी प्रसाद विश्वकर्मा पिता/पति जगदेव प्रसाद विश्वकर्मा, शिव मंदिर वार्ड न 3 महासमुंद जिला बस्तर, नरेन्द्र कुमार ध्रुवंसी पिता/पति रामभरोसा ध्रुवंसी, ग्राम खर्रा कुरूद जिला धमतरी, हेमा निषाद पिता/पति नन्द कुमार निषाद, आमा तालाब रोड पोस्ट ऑफिस बोर्ड धमतरी जिला धमतरी, राधा अग्रवाल पिता/पति बजरंग अग्रवाल, बाला जी कॉलोनी धमतरी जिला धमतरी, नारद राम साहू पिता/पति छन्नू राम साहू, नवागांव कंडेल जिला धमतरी, मिलंतीम बाई पिता/पति राजकुमार, सिवनी कला जिला धमतरी, हेमंत सोनकर पिता/पति स्व. बिसौहा राम, सदर दक्षिण वार्ड धमतरी जिला धमतरी, प्रेम कुमार साहू पिता/पति एम आर साहू, बिरेतरा डोमा जिला धमतरी, बबिता भुआर्य पिता/पति श्याम लाल भूआर्य, लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर जिला धमतरी, दिनेश बंजारे पिता/पति स्व. डोमार सिंह बंजारे, बंगोली कुरूद जिला धमतरी, डायमंड साहू पिता/पति सोहन लाल साहू, बोडरा संभलपुर जिला धमतरी, थानेश्वर साहू पिता/पति भुनेश्वर साहू, अवरी जिला धमतरी, तुलेश्वरी पिता/पति स्व.सन्तु राम साहू, अवरी जिला धमतरी, मयंक देवांगन पिता/पति तेजेंद्र कुमार देवांगन, कोकड़ी चर्रा जिला धमतरी, रमन कुमार सोनी पिता/पति दाऊ लाला सोनी, दरबा कुरूद जिला धमतरी, छगन लाल यादव पिता/पति पुसऊ राम यादव, बंजारी बगौद जिला धमतरी, भूपेंद्र कुमार गंगबेर पिता/पति सुदर्शन गंगबेर, बाज़ार चौक लोहरसी जिला धमतरी, दिनेश कुमार साहू पिता/पति कीर्तन राम साहू, कोडापार जिला धमतरी, मुकेश कुमार सिन्हा पिता/पति स्व. दुखु राम सिन्हा, करेली जिला धमतरी, सुकचंद चंदेल पिता/पति टुमन लाल, डोंडी लोहारा वार्ड न.-10 जिला बालोद, किशोर कुमार पैकरा पिता/पति मदन लाल पैकरा, इमली भाठा वार्ड न.3 महासमुंद जिला महासमुंद, सोहन सिंह चंद्रवंशी पिता/पति स्व. ईश्वर लाल चंद्रवंशी, न्यू हॉस्पिटल कॉलोनी बसंतपुर जिला राजनांदगांव, पुरोहित विश्वकर्मा पिता/पति स्व. दया राम विश्वकर्मा, महावीर पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव, प्रमोद कुमार महोबे पिता/पति स्व. एन.एल. महोबे, महेंद्र नगर लालबाग जिला राजनांदगांव, राजकुमार यादव पिता/पति अशोक यादव, बलदेव बाग वार्ड न. 15 राजनांदगांव जिला राजनांदगांव, भिखम साहू पिता/पति गोवर्धन लाल साहू, मोखला भारेंगांव जिला राजनांदगांव।

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें

## शब्द पहेली - 5503



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 5502 का हल



## सूडोकु नवताल- 5514

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5513 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024


# सरकारी गाड़ी से मौत, नहीं दिया मुआवजा, कोर्ट ने डीएफओ दफ्तर किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तीन साल पहले 2021 में वन विभाग की सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति के मौत के प्रकरण में न्यायालय ने 1 करोड़ 82 लाख रुपए मृतक के परिवार को नहीं देने के कारण 6 मई को शहर के डीएफओ आफिस को सील कर दिया है। न्यायालय के कर्मचारी आज डीएफओ कार्यालय पहुंचे और अधिकारी के कक्ष पर ताला जड़ दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग के वाहन से कमल कश्यप निवासी सोनारपाल थाना भानपुरी का एक्सीडेंट हुआ जिसमें कमल की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतक के परिवार ने वन विभाग पर मुआवजा देने कोर्ट में मामला दाखिल किया। वहीं पीड़ित पक्ष की तरफ से जगदलपुर के एक अधिवक्ता ने पैरवी की जिसके तहत तृतीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश संघरतना भतपहरी ने विभाग के प्राधिकृत अधिकारी वनमंडलाधिकारी को मृतक के परिवार को 1,82,16,345 की राशि मुआवजे के रूप में देने आदेश किया था। जिसके बाद भी विभाग ने उक्त राशि का भुगतान मृतक के परिवार को नहीं किया। जिसके चलते कोर्ट ने प्राधिकृत अधिकारी की सम्पत्ति की कुर्की करने का आदेश दिया। वहीं आदेश के मुताबिक न्यायालय के कर्मचारी कुर्क करने पहुंचे।

## एक साल पहले मृतक के परिजन को 1 करोड़ 82 लाख देने का हुआ था आदेश

खास खबर

### हाईकोर्ट में अपील, 3 दिन पहले सील

इस संबंध में मध्य बस्तर वन मंडल के डीएफओ उत्तम गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि 3 साल पहले 2021 में सरकारी गाड़ी से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पिछले मई 2023 में 1 करोड़ 82 लाख मृतक के परिवार को देने कोर्ट ने आदेश किया था। विधि विभाग से अनुमति के बाद हाईकोर्ट में समय देने के लिए अपील की गई है। क्योंकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा आचार संहिता लगने के कारण राशि देने में विलंब हुआ। हमने भुगतान का प्रयास भी किया था लेकिन चुनाव के चलते देरी हुई। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने 9 मई 2024 का समय तय किया था। लेकिन 3 दिन पहले 6 मई को ही कुर्की आदेश लेकर न्यायालय के कर्मचारी पहुंच गए और दफ्तर को सील कर दिया। अब इस संबंध में फिर से न्यायालय जाएंगे।




inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जीएसटी न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस मिश्रा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सेवानिवृत्त न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के पहले अध्यक्ष के रूप में पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मिश्रा की नियुक्ति माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित विवादों के निपटान के लिए एक महत्वपूर्ण निकाय के तौर पर जीएसटीएटी के कामकाज की शुरुआत को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने संजय कुमार मिश्रा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ में भी गड़बड़ी, बालोद कलेक्टर बोले- होगी जांच

# नीट में चूक का शक, बांट दिया गलत पेपर, गुस्साए छात्र ने छोड़ा एग्जाम हॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी की परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान अलग-अलग जगह से कई गड़बड़ी की खबर सामने आईं। छत्तीसगढ़ के बालोद के अलावा राजस्थान में हिंदी माध्यम वाले परीक्षार्थियों को अंग्रेजी मीडियम और इंग्लिश माध्यम वालों को हिंदी मीडियम का पेपर बांटा गया। इसके साथ ही कुछ स्थान पर पेपर लीक की भी खबर है।*

राजस्थान के सवाई माधोपुर के आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों ने आपत्ति दर्ज करते हुए प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र से बाहर चले गए। यहां हिंदी के छात्रों को अंग्रेजी और अंग्रेजी के छात्रों को हिंदी का प्रश्नपत्र दिया गया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई संबंध नहीं है।

## हिंदी माध्यम को अंग्रेजी और अंग्रेजी माध्यम को दिया हिंदी का प्रश्न पत्र

### बिहार में नौ साल्वर गिरफ्तार

इधर, बिहार में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की परीक्षा में सॉल्वर गैंग के 9 लोग गिरफ्तार किए गए। पटना पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 मेडिकल छात्र हैं। वहीं, पूर्णिया से भी 4 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी मेडिकल छात्र हैं। महाराष्ट्र के नवी मुंबई से भी एक डमी फर्जी अभ्यर्थियों की गिरफ्तारी हुई है।






**भरतपुर में भी पकड़े गए 'मुन्नाभाई'** :राजस्थान के एक और एग्जाम सेंटर से गड़बड़ी की सामने आई। यहां भरतपुर जिले में एक डमी कैंडिडेट को परीक्षा देते पकड़ा गया है। जिले के एएसपी ने बताया कि एक स्कूल में एक अभ्यर्थी की जगह पर एक डॉक्टर को परीक्षा देते पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि उसके साथ 4-5 लोग हैं।

### 24 लाख से अधिक अभ्यर्थी

इस वर्ष, राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 10 लाख से अधिक लड़के, 13 लाख से अधिक लड़कियां और 24 छात्र तृतीय लिंग श्रेणी के तहत पंजीकृत थे। पिछले साल, कुल 20,87,449 अभ्यर्थियों ने नीट-स्नातक के लिए पंजीकरण कराया था और परीक्षा सात मई को आयोजित की गई थी। परीक्षा में 97.7 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई थी।

त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री ने किया खुलासा

# टी20 वर्ल्ड कप में होगा आतंकी हमला, धमकी

एजेंसी ▶▶| पोर्ट आफ स्पेन

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। मीडिया रपटों के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है।



वेस्टइंडीज और अमेरिका में एक जून से मैच, भारत समेत 20 टीमें लेंगी भाग

### आईसीसी बोला- सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसने कहा, हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं । किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिये सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।






विनम्र अपील

प्रिय मतदाता भाइयों एवं बहनों,

पाँच वर्ष पूर्व आपने मुझे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मतों से विजयी बना कर लोकसभा में क्षेत्र की आवाज बनाकर भेजा। पिछले दस वर्षों में हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश ने ना सिर्फ विकास के नये कीर्तिमान रचे बल्कि वैश्विक स्तर पर अपने खोये हुए सम्मान को भी पुनः प्राप्त करते हुए, भारत को विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था की पायदान पर पहुंचा कर वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग भी प्रशस्त किया। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा तथा कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने, तीन तलाक खत्म करने, सी.ए.ए बिल, राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण मे भारत विश्व में दूसरे स्थान पर है, मेक इन इंडिया और नये स्टार्ट अप, मोबाईल के रिकार्ड उत्पादन/निर्यात, सेना के आधुनिकीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं/कार्यक्रमों में आपके प्रतिनिधि/सांसद के रुप में नवराष्ट्र निर्माण हेतु अपना योगदान दिया।

अपने माता-पिता से मिले संस्कार और संघ की विचारधारा के साथ-साथ अपने राजनैतिक गुरु स्व. ताराचंद साहू तथा मेरे मार्गदर्शक अग्रज स्व. हेमचन्द यादव और स्व. विद्या रतन भसीन के बताये मार्ग पर चलते हुए अपने कार्यकाल में कोविड-19 के बावजूद संसद में अपने क्षेत्र से संबंधित कुल 133 प्रश्न उठाए और 27 डिबेट में हिस्सा लिया, इतना ही नही क्षेत्र के सैकड़ों कोविड पीड़ित जरुरतमंदों को चिकित्सकीय व अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाया। पिछले पाँच वर्षो के दौरान मेरे अंदर के खिलाड़ी ने मेरे हौसलों को बुलंद रखा, मेरे अंदर के कलाकार ने मेरी संवेदनाओं को सदैव जीवंत रखा और मेरे अंदर के बी.एस.पी. श्रमिक ने मुझे सदैव सक्रिय रखा ताकि भारत सरकार की अधिकाधिक योजनाओं का लाभ मेरे लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को मिल सके।

मैनें अपने पिछले पॉच साल के कार्यकाल में बेमेतरा को रेल लाइन से जोड़ने हेतु सार्थक प्रयास के तहत माननीय रेल मंत्री जी के समक्ष ठोस कार्य योजना रखी। दुर्ग रायपुर मार्ग में चार नए फ्लाई ओवर, सात नए अंडर ब्रिज, स्मृति नगर में ई एस आई सी अस्पताल का निर्माण कराया, पीएम श्री योजना से दुर्ग ज़िले के ग्यारह और बेमेतरा के पाँच स्कूलों का अपग्रेडेशन किया गया। हथखोज भिलाई में आप्टिकल फाईबर केबल निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त कराया जिससे क्षेत्र मे रोजगार के अवसर सृजन होंगे। छत्तीसगढ़ मे रेलवे स्टेशन के उन्नयन हेतु रु 6,896 करोड़ की स्वीकृति वर्ष 2023-24 मे करवाया । दुर्ग भिलाई में श्रमिको के लिये **CGHS** वेलनेस सेन्टर खोलने हेतु अनुमोदन करवाया, बेमेतरा में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में रुपये 23.56 करोड़ की लागत से छात्रावास का निर्माण करवाया।

गत विधान सभा चुनाव में **भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र समिति के संयोजक के रुप में** समाज के समग्र उत्थान को दृष्टिगत रखकर महतारी वंदन योजना, 21 क्विंटल धान की ख़रीदी 3100 ₹ की दर से, पिछले दो वर्षो के बकाया बोनस 3716 करोड़ के भुगतान के प्रस्ताव को क्रियान्वित करवाया। इसके अतिरिक्त मैंने संकल्प पत्र में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (**NCR**) की तर्ज़ पर रायपुर, कुम्हारी, चरोदा, भिलाई 3, भिलाई तथा दुर्ग को समाहित कर राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन के प्रस्ताव को अनुमोदित करवाकर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में बजट का प्रावधान करवाया।

मेरी भावी कार्य योजना के प्राथमिकताओं में बेमेतरा को रेल लाइन से जोड़ना, बेमेतरा में मेडिकल कालेज एवं केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, रायपुर-दुर्ग सिक्स लेन रोड, दुर्ग से दक्षिण भारत, उत्तराखण्ड, राजस्थान तथा उत्तर पूर्व के लिये रेल सेवाओं का विस्तार और पटना, चेन्नई, गुवाहाटी के लिये वायु सेवा प्रारंभ करवाना शामिल है। इतना ही नही हमेशा की तरह स्थानीय समस्याओं का प्राथमिकता पूर्वक निराकरण करने एवं बी.एस.पी. के कर्मचारियों के हित में और उनके अधिकारो की सुरक्षा के लिये सदैव तत्पर रहूँगां।

मेरी मंशा रहती है कि जनता जनार्दन की सेवा सर्वोपरि हो, जिसके लिए मै सतत् आपके सम्पर्क में रहता हू, जिसको आपने सदैव महसूस किया है।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए 7 मई को मतदान होना है, यह चुनाव **आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी** को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने वं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आपका प्रत्येक मत राम राज्य की नींव का पत्थर साबित होगा, मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि कमल छाप में बटन दबा कर आपकी सेवा करने का अवसर प्रदान करें।

आपके प्रेम और आशीर्वाद का आकांक्षी।

आपका अपना

विजय बघेल



मतदान समय : प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक

सशक्त भारत के लिए भाजपा को वोट दें

03 विजय बघेल






## स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित होगी 4जी सेवाएं

# बीएसएनएल इस साल अगस्त से देशभर में शुरू करेगी 4जी सेवाएं

**प्रायोगिक चरण में 700 मेगावाट के प्रीमियम बैंड पेश**

**पंजाब में 4जी सेवा के लिए आठ लाख ग्राहकों को जोड़ चुकी**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल इस साल अगस्त से पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी पर आधारित 4जी सेवाएं देशभर में शुरू कर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों ने 4जी नेटवर्क पर 40-45 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अधिकतम गति दर्ज करने का दावा किया है। इसे पायलट या प्रायोगिक चरण के दौरान 700 मेगाहट्र्ज के प्रीमियम स्पेक्ट्रम बैंड के साथ 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड में भी पेश किया गया है।

■ 4जी नेटवर्क पर 40-45 एमबीपीएस की अधिकतम गति होगी

### टीसीएस व सी-डॉट से गठजोड़

कंपनी ने सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और दूरसंचार अनुसंधान संगठन सी-डॉट के नेतृत्व वाले गठजोड़ द्वारा स्वदेशी स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए पंजाब में 4जी सेवाएं शुरू की हैं और वह लगभग आठ लाख ग्राहकों को अपने साथ जोड़ चुकी है।

### नेटवर्क आगे 5जी में अद्यतन हो सकेगा

टीसीएस, तेजस नेटवर्क और सरकारी स्वामित्व वाली आईटीआई को 4जी नेटवर्क तैनात करने के लिए बीएसएनएल से लगभग 19,000 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस नेटवर्क को आगे चलकर 5जी में अद्यतन किया जा सकता है।

### नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं

तेजस नेटवर्क के कार्यकारी निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी अर्नब रॉय ने हाल ही में कहा था कि बीएसएनएल का मोबाइल नेटवर्क विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी बीएसएनएल नेटवर्क पर सी-डॉट कोर उपलब्ध नहीं है, वहां उपकरण को मौजूदा कोर में एकीकृत किया जा रहा है।




### ग्राहकों को नया सिम लेना होगा

सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'बीएसएनएल पिछले चार-पांच वर्षों से केवल 4जी-सक्षम सिम बेच रही है। ऐसे में सिर्फ उन्हीं ग्राहकों को 4जी सेवा का अनुभव लेने के लिए नया सिम लेना होगा जिनके पास पुराना सिम है।'

### पंजाब में नेटवर्क का अच्छा प्रदर्शन

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'सी-डॉट का बनाया हुआ 4जी कोर पंजाब में बीएसएनएल नेटवर्क में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसे पिछले साल जुलाई में स्थापित किया गया था। ऐसी जटिल प्रौद्योगिकी की सफलता साबित करने में 12 महीने लग जाते हैं लेकिन सी-डॉट कोर 10 महीने के भीतर ही स्थिर हो गया है।'

### पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश

इस अधिकारी ने नाम सामने न आने की शर्त पर कहा, 'बीएसएनएल अगस्त में पूरे देश में आत्मनिर्भर 4जी प्रौद्योगिकी की पेशकश करेगा।' कोर नेटवर्क एक ऐसा समूह है जिसमें दूरसंचार सेवा से जुड़े नेटवर्क हार्डवेयर, उपकरण और सॉफ्टवेयर शामिल होते हैं।

### 4जी सेवा के लिए 9000 से अधिक टावर स्थापित



बीएसएनएल पूरे भारत में 4जी और 5जी सेवाओं के लिए 1.12 लाख टावर लगाने की प्रक्रिया में है। कंपनी ने देशभर में 4जी सेवा के लिए 9,000 से अधिक टावर स्थापित किए हैं। इनमें से 6,000 से अधिक टावर पंजाब, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सर्किल में हैं।

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है 'अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया।' नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है।

इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा, प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है।

मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं।

## श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल का मतदान दिवस पर आज निःशुल्क ओपीडी



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के द्वारा 7 मई को मतदान दिवस पर मतदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए 1 दिन के लिए फ्री ओपीडी की व्यवस्था की गई है। उंगली में सियाही का निशान दिखाकर फ्री ओपीडी का लाभ ले सकते है। साथ ही मरीजों को सभी प्रकार के जांच पर 20% एवं दवाइयों पर 7% की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल की इस योजना को मरीजों ने भरपूर सराहा है। उल्लेखनीय है कि श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल की लोकप्रियता आज न केवल संपूर्ण छत्तीसगढ़ बल्कि उड़ीसा एवं दूर-दूर के क्षेत्रो में फैली हुई है। बता दें कि श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर मरीजो के हितों को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें शुगर, यूरिक एसिड, बीपी एवं ईसीजी आदि की निःशुल्क जांच की जाती है।

## एरीज एग्रो में मतदान दिवस पर मिल रहा स्पेशल डिस्काउंट

aries agro limited

**रायपुर।** कीटनाशक उद्योग की अग्रणी मल्टीनेशनल कृषि कंपनी एरीज एग्रो लिमिटेड ने मतदान दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए 'सही चुनो' अभियान चलाया हैं।

इसके तहत एरीज के कोई भी प्रोडक्ट पर 3000 रुपए की खरीदी करने पर 300 रुपए का डिस्काउंट मिल रहा हैं। इस डिस्काउंट का फायदा उठाने के लिए आपको प्रोडक्ट की फोटो, बिल की फोटो और उंगली में सियाही के निशान की फोटो कंपनी को भेजना होगा जिसके बाद इसे क्लेम किया जा सकता हैं।



# गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं। वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है।

**फुलेरा की 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज : नई दिल्ली।** वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाई, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी।

# विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय व अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत




**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला्क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया। इससे अजमेर बार एसोसिएशन के वकीलों में रोष का माहौल है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सत्यनारायण मेमोरियल हेल्थ केयर
डॉ. संजीव कुमार सिंह
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (इंटर्नल मेडीशीन)
मो. 9669109366, 7992636477
सोमवार से शनिवार- समय : शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार- सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
इकोकार्डियोग्राफी
मधुमेह, हृदय से संबंधित रोग
ब्लड प्रेशर से संबंधित
थॉयराइड से संबंधित
ग्राउण्ड फ्लोर ऑर्बिट कॉम्प्लेक्स, सुन्दर नगर, रायपुर - 492001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** प्रशिक्षित व अनुभवी स्टाफ ए.एन.एम., जी.एन.एम., बी.एस.सी., नर्सिंग व कम्प्यूटर ऑपरेटर, आर.एम.ओ (RMO) (Duty DR.) टेलीकॉलर (महिला) व एम.आर.डी.व OT Technician स्टॉफ की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार। **श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें:- 9691631006, 9926115911.**(RO-974)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** Hari group हेतु सिक्युरिटी गार्ड, लेडीज गार्ड, गनमैन, हाउसकीपिंग हेतु आया बाई। बेतनमान- 10000 से 15000 आधारकार्ड ,फोटो एवं मार्कसीट छयाप्रति लेकर **संपर्क करे कृष्णा प्लाजा ,अश्वनी नगर लाखेनगर रायपुर 8085435101 , 7909336654 ,7713568537.**(RO-956)

### टीचर

**Required -** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Maths, Bio, Physics, Chemistry, Science, SST, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 11.05.2024, Timing 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, 8109077723, New Rajendra Nagar, Amlidih- 8109077729, 810907773, Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- 8109077730 (RO-7474)

### सेल्स एक्जीकेटिव

वॉक-इन-इंटरव्यू
छत्तीसगढ़ की इन जगहों पर रियल एस्टेट में काम करने के लिये सेल्स एक्जीक्यूटिव (युवक एवं युवतियों) की आवश्यकता है।
- दुर्ग-भिलाई 1
- बलरामपुर-सरगुजा-सूरजपुर 1
- रायगढ़-जशपुर 1
- बिलासपुर 1
- महासमुंद-गरियाबंद-सरायपाली 1
- राजनांदगांव-डोंगरगढ़ 1
- दन्तेवाड़ा-बीजापुर-कोण्डागांव 1
- सिमगा-कवर्धा-बेमेतरा 1
- कोरबा-जांजगीर-चांपा 1
फिक्स सैलरी + इंसेंटिव
इंटरव्यूह
दिनांक : 8 एवं 9 मई 2024
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
SINGHANIA BUILDCON GROUP Building lifestyle since 1993
श्याम चेम्बर, हीरापुर रोड, मोहबा बाजार, रायपुर (छ.ग.)
संपर्क -9229262105

### टीचर

**Required-** VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- 9754955511, 7738963592 Time- 8:00 am to 12:00 pm. (RO-2721)

### पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मो.- 94255-16644.**(RO-347)

हरिभूमि

### दुकान/शॉप वर्क

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित बेकरी शॉप में कार्य हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा **संपर्क करें: न्यू हीरा बेकरी, टिकरापारा, रायपुर। मोबाईल 9754178006.** (RO-249)

### देखरेख

**आवश्यकता है-** नागपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता है। **सम्पर्क करें - +91 94255 14500.** (RO-1082)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार (बीएमडबल्यू, ऑडी, मर्सिडीज ) चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें )। इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, ड्राइविंग लाइसेंस व दोनो डोज वैक्सीन सर्टिफिकेट अवश्य लाये । सैलरी 18000/-प्रतिमाह । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :- 9644720222.** (RO-05)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक लग्जरी कारें चलाने घरेलू ड्राइवर चाहिए रहने हेतु रूम है आदतन शराबी न हो, पत्नी हेतु भी अच्छा खाना बनाने व घर कार्य है योग्य व्यक्ति तुरंत मिलें **टाटीबंध हीरापुर रायपुर में 8889986669.**(RO-2709)

**आवश्यकता है-** घरेलू गाड़ी व एम्बुलेंस गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर- 2 की आवश्यकता, रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.**(RO-2718)

**आवश्यकता है-** बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, logistic (transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही **सम्पर्क करे:- 7772016666.** (RO-2714)

### कुक

**आवश्यकता है-** कुक महिला घरेलू अनुभवी जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने हेतु रूम और परिवार को भी काम मिल सकता है **टाटीबंध हीरापुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 6266919193.**(RO-2708)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** घर के सभी काम करने वाली साफ सुथरी महिला नौकरानी की 24 घंटे रहना खाने की सुविधा **संपर्क रायपुर 9171877210.**(RO-58)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** पेवर ब्लॉक एवं प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल विक्रय के लिए सेल्स ऑफिसर / सेल्समेन कि आवश्यकता है। रसमड़ा, नगपुरा, बोरई, लिटिया, जालबांधा, वाले आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी। **पता- 56, 57, 58 बोरई इंडसट्रियल ग्रोथसेंटर, रसमड़ा (छ.ग.) - 491001 , मो. 9300654214 , 9329852480** (Ro-463)

**आवश्यकता है-**रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. **मोबाइल 7067048454.**(RO-975)

**आवश्यकता है-** रिटेल एवं होलसेल कपड़े के दुकान में कार्य करने के लिए सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, ड्राइवर की आवश्यकता है। रिक्त पद- 50, वेतन योग्यता अनुसार (7500/- से 15000/-) **मो.- 7880002711, 7880002719.** (RO-348)

**आवश्यकता है-** स्टेशनरी दुकान में पेन कांउटर एवं सेल्स कार्य हेतु लडक़ीयो की अनुभवी को प्राथमिकता समयः सुबह 10:30 से 9:00 बजे तक **लक्ष्मी सेल्स स्टेशनरी गली नं.1, विनार बार के बाजू जयस्तंभ चौक, रायपुर फोन: 0771-4263621, 9685431345.** (RO-06)

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पम्प विक्रय हेतु सेल्समेन व दुकान में काम करने लड़कों की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करे- निर्मल सेल्स,रायपुर, मो. नं. 9300659227.** (RO-7472)

**आवश्यकता है-** न्यू जलाराम रेस्टोरेंट एण्ड डेयरी , छावनी चौक पावर हाउस भिलाई नंदिनी रोड में कार्य करने हेतु महिला एवं काउंटर सेल्सगर्ल की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे मो. - 9993330384.** (Ro-462)

### हेल्पर/डिलीवरी कार्य

**आवश्यकता है-** बिस्कुट एजेंसी में कार्य करने हेतु हेल्पर एवम डिलीवरी लडके की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता **संपर्क करें (केवल भिलाई & दुर्ग)के लिए 8839412038** (Ro459)

हरिभूमि

### प्यून

**आवश्यकता है-** ऑफिस (कार्यालय) में कार्य करने हेतु प्यून (उम्र 18-25 वर्ष) की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वी पास। **पता गेट एकेडमी, गली नंबर 4, नरसिंहविहार, कातुलबोद, भिलाई, वेतन योग्यतानुसार मो.- 7879984393, 8358800052 संपर्क- समय 10am से 7pm** (Ro-460)

### फील्ड ऑफिसर

**आवश्यकता है-** रायपुर-भिलाई- दुर्ग क्षेत्र हेतु अनुभवी महिला/ पुरुष फिल्ड ऑफिसरो की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। अनुभवी ही शुबह 10 से 5 बजे **संपर्क करें :- पूर्वांचल सिक्युरिटी सर्विसेस, मौर्या कॉम्प्लेक्स भिलाई मो.- 9981399418, 9131244053** (आरो न.- 6332)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 8420183092, 9883460031.** (RO-154)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर **संपर्क:- 09205883119.** (Ro-2723)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) अनपढ़ से ग्रेजुएट लड़के-लड़कियां तुरंत आवश्यकता (वेतन 28500 से 72900/-) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल फ्री) रायपुर **संपर्क:- 07827124935.** (RO-2705)

## Property प्रापर्टी

### मकान

**बेचना है-** मकान बेचना है हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू रायपुर स्थित एलआईजी कॉर्नर का सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट **संपर्क करें:- 9993059700, 8358030320.** (RO-2719)

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)
ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
Colour 20% Extra Charge For Disply
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | 130 Days | 156 Days | 180 Days |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद
- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले।
आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले
शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी
मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024




# मतदान का दिन:
# कोई बहाना नहीं

## उंगली पर स्याही लगवाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं

**11**
राज्य / केंद्र शासित प्रदेश

**93**
संसदीय निर्वाचन क्षेत्र

**संसदीय निर्वाचन क्षेत्र:**
असम - 4
बिहार - 5
छत्तीसगढ़ - 7
गोवा - 2
गुजरात - 25
कर्नाटक - 14
महाराष्ट्र - 11
मध्य प्रदेश - 9
उत्तर प्रदेश - 10
पश्चिम बंगाल - 4
दादरा व नगर हवेली / दमन व दीव - 2

'मतदान - मेरा कर्तव्य'
फिल्म देखने के लिए
QR कोड स्कैन करें

**लॉग ऑन करें: elections24.eci.gov.in**

**QR कोड स्कैन करें और मतदाता शपथ लें**
इस QR कोड को स्कैन करके और **#IVoteForSure** का उपयोग करके अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करें तथा **विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र** में अपनी शपथ दर्ज कराएं

मतदाता हेल्पलाइन
पर कॉल करें
**1950**

**मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और** अपने निर्वाचन क्षेत्र में **मतदान की तारीख जानने के लिए** QR कोड को स्कैन करें

CBC 52101/13/0018/2425

**#IVoteForSure | #MeraVoteDeshKeLiye**

fb.com/ECI | @ecisveep | youtube.com/eci | /company/election-commission-of-india-official | @ecisveep | Election Commission of India

मां मनुष्य के होंठों पर सबसे सुंदर शब्द है।
-खलील जिब्रान



मातृ दिवस, 12 मई
विशेष

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार
7 मई 2024

# सहेली



बच्चों के लिए मां सिर्फ एक शब्द नहीं, उनका अनोखा-प्यारा संसार है। मां की अंगुली पकड़कर बच्चे चलना-बोलना और जीवन जीने की कला सीखते हैं। मां अनुभूतियों का ऐसा समंदर है, जिसकी गहराई में बच्चे मानवीय मूल्यों से जुड़ते हैं, रिश्ते निभाना सीखते हैं। मां का ममत्व वो शीतल छांव है, जिसके तले आकर बच्चे तपते सूरज की तपिश भूल जाते हैं। मां के बिना जीवन अधूरा है। मां है तो जीवन रोशन है। मां की महिमा अपरंपार है।

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

## मां अनुभूतियों में रचा-बसा रिश्ता

हर बच्चे के लिए स्नेह और सुकून की प्यारी छांव-सी होती है- मां। बच्चे के दुनिया में आने से पहले उसका मां से जुड़ जाने वाला रिश्ता सचमुच अनमोल होता है। मानवीय जीवन को पालने-पोसने की इस यात्रा में एक मां अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। यह रिश्ता मन की अनुभूतियों की बुनियाद पर टिका होता है। जीवन के हर पड़ाव पर मां का भरोसा बच्चों को थामे रखता है। जीवन मूल्यों को सीखने-सिखाने का यह सफर मन के बंधन का सबसे सुंदर रिश्ता है। दायित्व निर्वहन से जुड़ी मेहनत हो या भावनाओं को समझने का मामला, मां स्वयं एक उदाहरण बनकर बच्चों को जीवन के हर पहलू से जुड़ी सीख देती है।

### ममत्व के साथ जीवन की सीखें

मां के मन में रचा-बसा ममता का भाव, बच्चों का जीवन संवारता है। हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिलने वाली शिक्षा का कोई दूसरा पर्याय नहीं है। ममत्व की नमी के साथ अनुभवों को वास्तविकता का रंग देकर मां अपने बच्चों को भविष्य में हर परिस्थिति से जूझने के लिए तैयार करती है। मातृत्व का भाव ही ऐसा है कि बच्चों की कमजोरियों को दुनिया से छुपाने वाली मां स्वयं बिन बताए उनकी हर कमजोरी को समझ जाती है। इसी समझ के बल पर बच्चों को भी स्नेह भरी समझाइश के साथ उनकी हर कमी से उनको बाहर निकाल लाती है। बच्चों के मन को जीवन के हर पड़ाव पर मजबूती देने का काम मां से बेहतर कोई नहीं कर सकता। मां ही बच्चों को अपने परिवार, परिवेश से जुड़ना सिखाती है। कामयाबी की राह पर बढ़ने का बल देती है। मां, तकलीफों से जूझना भी सिखाती है और सुकूनदायी लम्हो को जी भरकर जीना भी। परेशानियों के दौर में संभलने और आनंद के समय मुस्कुराने का पाठ तो मां बच्चे को दुनिया में आने से पहले ही सिखाने लगती है। मातृत्व की जिम्मेदारी से जुड़ा ममत्व का भाव बच्चों को मानवीय पीड़ा समझने का भी पाठ पढ़ाता है। तभी तो हर पीढ़ी के लिए ही मां से मिली हर सीख आज भी समाज और परिवार को बांधने-साधने का माध्यम बनी हुई है।



### नेह की नमी का पोषण

मां के नेह की नमी बच्चों के जीवन की जड़ों को सींचती है। बात केवल शारीरिक-मानसिक देखभाल की नहीं, मां का साथ मनोभावों के मोर्चे पर भी बालमन को थामने का काम करता है। उम्र भर मां का यही स्नेह जीवन की जद्दोजहद में आत्मबल जुटा लेने का हौसला देता है। उलझे हालातों की कड़ी धूप में मां के स्नेह का भाव शीतल छाया के समान लगता है। जीवन के कठिन से कठिन दौर में भी अपने बच्चों का साथ ना छोड़ने वाली मां का मन बदलते समय के साथ भी नहीं बदला है। तकनीक की दस्तक और काम-काजी भाग-दौड़ के बावजूद बच्चों पर स्नेह लुटाने की उसकी सोच आज भी कायम है। हमारे सामाजिक परिवेश में तो अपने हर सपने को छोड़ बच्चों का जीवन संवारने के लिए जिंदगी दांव पर लगा देने वाली मांएं भी कम नहीं हैं। उम्र के आखिरी पड़ाव तक भी मां का मन खुद माता-पिता बन चुके अपने बच्चों के लिए चिंतित रहता है। उसके प्यारे रिश्ते के नेह की नमी कभी नहीं सूखती।

### अनुभूतियों का पुल

मां और बच्चों को अनुभूतियों का एक साझा पुल जोड़कर रखता है। तभी तो मां बच्चों की चुप्पी को ही नहीं, आक्रोश को भी समझ जाती है। प्रेम-स्नेह को ही नहीं, शिकायतों को भी मन से स्वीकारती है। मार्क ट्वेन ने कहा है, 'मां के बिना जीवन अधूरा होता है।' सच ही है, क्योंकि बच्चों की खुशी और पीड़ा दोनों में साथ देने वाली मां ही होती है। कही-अनकही हर बात को समझने वाला दिल बस मां के पास ही होता है। बच्चों की खुशी में भी मां की आंखों से आंसू बह निकलते हैं। उपलब्धियों और सफलता के दौर में भी सधकर चलने और शीर्ष पर बने रहने का आशीष मां का मन ही दे सकता है। बिना किसी शर्त के समर्पण और स्नेह भरी अनुभूतियों को लिए मातृत्व का संसार पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस जुड़ाव को सींचता आ रहा है। आज भी पीड़ा में सबसे पहले मुंह से मां शब्द ही निकलता है। भय से जूझते हुए मां के प्यारे स्पर्श और कड़कती धूप में सिर पर डाल देने वाले आंचल की ही याद आती है। सफलता हो या असफलता, हर पड़ाव पर छोटी-छोटी सीख देकर जीवन को दिशा देने वाली मां का ख्याल आ ही जाता है। कितनी ही भूमिकाएं निभाती मां हर पल मन-जीवन में अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। इसीलिए कहा भी गया है कि मां, वह है, जो अन्य सभी की जगह ले सकती है, लेकिन एक मां की जगह कोई और नहीं ले सकता। *

अनुभूति

## जीवन की डगर पर मां की सीखें



बच्चों की प्रथम पाठशाला परिवार को माना जाता है। इस पाठशाला की प्रथम अध्यापिका मां होती है, जिसकी देख-रेख में बच्चे जीवन की वो सीखें लेते हैं, जो जीवन को सही ढंग से जीने के लिए जरूरी हैं। यहां अपने-अपने क्षेत्र की तीन हस्तियां सहेली को बता रही हैं, इन्होंने अपनी मां से कौन-सी ऐसी बातें सीखीं, जो जीवन के लिए जरूरी सबक हैं।

### काम के साथ घर का ख्याल रखना मां से सीखा

अपरा मेहता, अभिनेत्री



**मेरी मां** मंदाकिनी मेहता सुशिक्षित और आधुनिक विचारों वाली महिला थीं। मैं उनकी इकलौती संतान हूं, फिर भी उन्होंने मुझे बहुत ही अनुशासन में रखा। अधिक लाड़-प्यार देकर उन्होंने मुझे बिगड़ने नहीं दिया। मेरी मां पढ़ाई के साथ स्कूल की हर एक्टिविटी में हमेशा मुझे सबसे आगे रखती थीं। मां खुद भी थिएटर ऑर्टिस्ट थीं, लेकिन शादी के बाद जब मेरी बेटी का जन्म हुआ तो उसकी देखभाल के लिए उन्होंने अपना काम छोड़ दिया, क्योंकि अभिनय के क्षेत्र में वह मुझे आगे बढ़ते देखना चाहती थीं। मेरे करियर के लिए उन्होंने अपना करियर दांव पर लगा दिया। बचपन में जब मां मेरे साथ सख्ती भरा व्यवहार करती थीं, मुझे बहुत बुरा लगता था, लेकिन अब समझ में आता है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके कारण ही हूं। बचपन में मैं क्लास में हमेशा फर्स्ट आती थी, वह मेरी तारीफ नहीं करती थीं। उनका कहना था कि अपने बच्चे की प्रशंसा तो सभी करते हैं, असली उपलब्धि तो तब है, जब दूसरे लोग हमारे बच्चे की तारीफ करें। मेरी मां ने मेरी परवरिश इस तरह से की कि मैं एक नेक इंसान बनूं। जब मेरे पिता जी का निधन हो गया तो उसके बाद मैंने उन्हें हमेशा के लिए अपने पास बुला लिया ताकि मैं उनकी अच्छी तरह देखभाल कर सकूं। मेरी बेटी खुशाली को भी उन्होंने बहुत अच्छे संस्कार दिए हैं। मेरी मां बहुत अच्छी होममेकर थीं, घर को बहुत सजा-संवार कर रखती थीं। काम के साथ घर का ख्याल रखना मैंने उनसे ही सीखा है। मुझे याद है, जब भी मैं अनावश्यक शॉपिंग करती तो वो मुझे बहुत डांटती थीं। मुझे हमेशा सोच-समझकर खर्च करने के लिए प्रेरित करती थीं। दो साल पहले 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें याद करते हुए यही कहना चाहूंगी कि अपनी बेटी के लिए मैं भी वैसी ही मां बनने की कोशिश कर रही हूं, जैसी वह एक आदर्श मां थीं। *

### मां से मिली सेवा भावना

ममता कालिया, साहित्यकार



**अपनी मां** से मेरा रिश्ता पारंपरिक ढर्रे से कुछ अलग हटकर था। इसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि उनका विवाह कम उम्र में ही हो गया था। उनकी शादी के बाद जल्द ही हम दोनों बहनों का जन्म हुआ। दो बेटियों के जन्म के बाद रिश्तेदार उन्हें देखकर उनके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करने लगे कि इस बेचारी की दो बेटियां हैं, इन बातों से मेरी मां अकसर उदास रहती थीं। मेरी बड़ी बहन बहुत सुंदर थी, जबकि मेरी शक्ल, सूरत बेहद मामूली थी। शायद इसी वजह से मां मेरे प्रति थोड़ी अनमनी-सी रहती थीं। इसके अलावा मेरी रुचि पढ़ने-लिखने में ज्यादा थी, घर के काम-काज में मैं उनका जरा भी हाथ नहीं बंटाती थी। इस मामले में पिताजी भी मेरा साथ देते थे। इसी वजह से बचपन में मां के साथ मेरे रिश्ते में प्रगाढ़ आत्मीयता नहीं थी, लेकिन जब मेरी बहन ने अपनी मर्जी से प्रेम विवाह कर लिया, उसके बाद मां बहुत बीमार रहने लगीं। तब उनके साथ वक्त बिताने की वजह से उनसे मेरा भावनात्मक बंधन मजबूत हुआ। पिताजी आकाशवाणी में निदेशक थे, घर में भौतिक सुख-सुविधाओं की कमी नहीं थी, लेकिन घर में मां को पिता के साथ बराबरी का जीवन जीने का अवसर नहीं मिला, इससे उनका व्यक्तित्व थोड़ा दब-सा गया था। लेकिन उनमें सेवा की भावना बहुत ज्यादा थी, दूसरों की मदद करना मैंने उनसे ही सीखा है। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, पर मदर्स-डे के अवसर पर मैं उनसे यही कहना चाहूंगी कि मां आज मुझे देखकर तुम बहुत खुश होती, अब मैं तुम्हारी आज्ञाकारी बेटी बन गई हूं। तुम्हारी ही तरह मैं भी अपना घर सुव्यवस्थित रखती हूं। *

### मां ने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया

इरा टाक, लेखिका-फिल्म निर्मात्री



**मेरी मां** कॉलेज में प्राध्यापिका थीं। वह बहुत ज्यादा पढ़ती थीं, भाषा के प्रति वह बहुत सचेत रहती थीं। पढ़ने-लिखने और भाषा के प्रति अच्छी समझ रखने का संस्कार मुझे अपनी मां से ही मिला है। मेरे पिताजी की पोस्टिंग दूसरे शहर में थी, वह ज्यादातर वहीं रहते थे। ऐसे में मां ही अकेले पूरे घर को बहुत अच्छी तरह संभालती थीं। उन्होंने बचपन से ही मुझे आत्मनिर्भर बनाया। दस-बारह साल की उम्र में उन्होंने मुझे खाना बनाना सीखा दिया था। मैंने अपने कपड़े धोने सीखे, प्रेस करना सीखा। दूसरे भी वो काम करने लगी थी, जो बड़े करते हैं। बचपन में मैं अपनी पॉकेटमनी से पैसे बचाकर हर साल मदर्स-डे के अवसर पर उनके लिए गिफ्ट खरीद कर जरूर लाती थी। मुझे याद है, रात को सोने से पहले वह अकसर मुझे कहानियां सुनाती थीं। इन कहानियों जो सीख मिलती थी, उसको भी वह बताती थीं। मां की सुनाई कहानियों से मैंने जीवन के कई सबक सीखे। अच्छे-बुरे के बारे में जाना। किताबें पढ़ने की अच्छी आदत मुझे उनसे ही मिली है। ये किताबें ही होती हैं, जो हमारा मार्गदर्शन करती हैं, हमें मोटिवेट करती हैं। अपनी मां से मैंने जीवन में अनुशासन का सबक सीखा है। उन्हीं की वजह से ही मैं आज भी अनुशासित दिनचर्या अपनाती हूं। 2015 में मेरी मां का स्वर्गवास हो गया। आज जब भी मेरी कोई नई किताब आती है या मुझे कोई पुरस्कार मिलता है तो मुझे मां की बहुत याद आती है। मदर्स-डे के अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्हीं के बताए रास्ते पर चलने के कारण आज मैं जीवन में कामयाब हूं, खुश हूं। मैं सहेली की पाठिकाओं से यही कहूंगी, अपनी मां की सीखों को हमेशा अपने दिमाग में रखें, क्योंकि उन सीखों में जीवन को सही ढंग से जीने की कला छुपी होती है। ये सीखें आगे बढ़ने की राह बनाएंगी, जीवन को सुखी रखेंगी। *

प्रस्तुति : विनीता




सलाह / मनीषा

## हर दिन हो मां के लिए खास...

हम साल में सिर्फ एक दिन मदर्स-डे मनाकर अपनी मां के प्रति प्रेम-स्नेह और कृतज्ञता के भाव प्रकट करके इतिश्री मान लेते हैं, जबकि हमारी मांएं हमारे लिए जितना कुछ करती हैं, उनके लिए यह एक दिन का शुक्राना बहुत कम है। सच तो यह है, हमें लगता है कि घर के काम करना, हमारा खयाल रखना तो मां की आदत है। हम मां को त्याग की प्रतिमूर्ति मानकर उनकी इच्छाओं की उपेक्षा करते हैं, उनका महिमा मंडन करके खुश हो लेते हैं, जबकि हमें उनकी जरूरतों और भावनाओं का खयाल रखना चाहिए। इसके लिए हमें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**मां के लिए समय निकालें:** चाहे आप कितनी ही व्यस्त क्यों ना रहती हों, आप रोजाना अपनी मां से बातें करने के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान उनकी सुनें, उनका हाल जानें। अगर सेहत से संबंधी कोई परेशानी हो तो उन्हें डॉक्टर के पास लेकर जाएं। इससे उन्हें लगेगा उनका कोई ख्याल रखने वाला है। एक उम्र के बाद मांओं को बहुत ज्यादा भावनात्मक संबल की जरूरत होती है।

### घरेलू कार्यों में सहयोग दें

**हमारी मांएं** सुबह से लेकर शाम तक घर के कामों में लगी रहती हैं, उन्हें आराम करने का समय नहीं मिलता, जबकि उनके स्वास्थ्य के लिए आराम जरूरी है। वह आराम तभी कर आएंगी जब उनके काम का बोझ कम होगा। उनका यह बोझ तभी कम होगा, जब हम घर के कामों में उनका हाथ बंटाएंगे। हम रोजमर्रा के घरेलू कार्यों जैसे किचेन में सब्जी काटकर, रोटियां बेलकर, डाइनिंग टेबल पर खाना सर्व करके घर की सफाई में मदद करके उनके कामों को हल्का कर सकते हैं। हमारी इस मदद से उन्हें आराम करने का मौका मिल जाएगा।

**शौक पूरा करने के लिए प्रेरित करें:** हमारी परवरिश और घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियां निभाने के चक्कर में हमारी मांओं के पास अपने लिए कोई समय नहीं बचता, इस कारण उनके कुछ शौक, ख्वाहिशें पूरी नहीं हो पातीं। लेकिन अब जब आप बड़ी हो चुकी हैं, अपने पैरों पर खड़ी हैं तो अपनी मां से खुलकर बात करें। उनकी हॉबीज जानें। अगर उनकी म्यूजिक, डांस, पेंटिंग सीखने की ख्वाहिश है तो इसे पूरा करने के लिए उन्हें प्रेरित करें। इस तरह जब आप अपनी मां की जरूरतों और भावनाओं को समझते हुए उनका खयाल रखेंगी तो हर दिन मां के लिए खास होगा, इससे उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी मजबूत होगी। *



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

भावनात्मक जुड़ाव / सरस्वती रमेश

मां बनना केवल बच्चे को जन्म देना भर नहीं, अनूठी भावनाओं को महसूस करना भी होता है। मातृत्व का यह एहसास गर्भ धारण करने से लेकर ताउम्र संतान के साथ बना रहता है। ऐसे में हर संतान का यह दायित्व बनता है कि वह अपनी मां की निस्वार्थ ममता का सम्मान करे और उसे कभी अकेलेपन का एहसास ना होने दे।

# कोमल-अनूठा-अद्वितीय मातृत्व का एहसास

मातृत्व, हर स्त्री के जीवन में होने वाली कोमल एहसासों से भरी एक अनूठी यात्रा होती है। इस संसार में ऐसा कुछ भी नहीं है, जो एक स्त्री को इतनी खुशी और संतुष्टि दे सके, जितना मातृत्व का एहसास। तभी तो मां अपने बच्चे की एक किलकारी पर अपना सब कुछ वार सकती है। बच्चे के जन्म, लालन-पालन में होने वाली हर पीड़ा, शारीरिक बदलावों को सहजता से स्वीकार करती है। अपनी सारी प्राथमिकताओं को दरकिनार कर मातृत्व की जिम्मेदारियों को सर्वोपरि रखती है।

## संतान से निस्वार्थ-गहरा नाता

मां और उसकी संतान का रिश्ता सबसे पवित्र और सागर जितना गहरा होता है। दुनिया के सारे रिश्ते किसी न किसी स्वार्थ से बंधे हुए होते हैं, लेकिन एक मां की ममता, उसका अपनी संतान की परवरिश के लिए किया जाने वाला त्याग, निस्वार्थ होता है। गर्भ धारण के बाद से ही मां और शिशु के बीच यह रिश्ता पनपना शुरू हो जाता है। मां अपने गर्भस्थ शिशु की हर गतिविधि को महसूस करती है। उसकी भावनाओं को भी समझने की कोशिश करती है। उसकी अच्छी सेहत और बेहतर विकास के लिए अपनी पसंद-नापसंद सब छोड़ देती है। उसे दुनिया-जहान की हर खुशी देने के स्वप्न संजोती है। ममत्व के ये एहसास समय के साथ प्रगाढ़ होते जाते हैं और ताउम्र बरकरार रहते हैं।





## धरती के समान धैर्यवान

जन्म के वक्त हर शिशु मिट्टी के जीते-जागते पुतले के समान होता है। ना तो उसकी चेतना विकसित होती है और ना ही भावनाएं। यह मां ही होती है, जो अपनी संतान में चेतना भरती है। उसे सुंदर-असुंदर और अच्छे-बुरे के मायने समझाती है। अलग-अलग भावों से उसका परिचय करवाती है। दुनिया जहान की बातें बताकर उसके भीतर ज्ञान की रोशनी प्रज्वलित करती है। यह कार्य आसान नहीं होता, क्योंकि एक शिशु मानसिक रूप से अपरिपक्व होता है। उसका चंचल मन कहीं ठहरने को राजी नहीं होता। उसे समझाने के लिए बहुत धैर्यवान होने की जरूरत होती है। एक मां अपने बच्चे को सही रास्ता इसलिए दिखा पाती है, क्योंकि वह बड़े धैर्य से उसकी हर गलती को सुधारने का प्रयास करती है। उसे एक ही बात अनेक बार समझाती है। संतान अगर कोई भूल करे तब भी मां अपने बच्चे की हर नादानी, भूल को सहर्ष क्षमा कर देने के लिए तैयार रहती है। मां का हृदय होता ही इतना विशाल है, तभी तो मां के धीरज की तुलना धरती से की जाती है।

## संतान की सुरक्षा कवच

संस्कृत भाषा में एक श्लोक है, *नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।* इस श्लोक का अर्थ है- मां के समान कोई छाया नहीं है, मां के समान कोई सहारा नहीं है। मां के समान कोई रक्षक नहीं है और मां के समान कोई प्रिय भी नहीं है। हमारे शास्त्रों और पुराणों में मां की व्याख्या इतनी सटीक और विस्तार से की गई है कि यह आज भी उतनी ही सच है। मुसीबत आने पर एक मां अपने बच्चे का सुरक्षा कवच बन जाती है। संतान निराश हो तो मां हौसला बन जाती है। धूप हो तो मां छाया बन जाती है। मां किसी भी परिस्थिति में अपनी संतान को अकेला नहीं छोड़ती।

## नई मां महसूस ना करे अकेलापन

यह सही है कि एक बच्चे के साथ ही एक मां का भी जन्म होता है। लेकिन दुर्भाग्यवश मातृत्व से जुड़े शारीरिक बदलाव और भावनात्मक उथल-पुथल को समझने के लिए हमारा समाज अभी भी उतना परिपक्व नहीं हुआ है, जितना होना चाहिए। इसीलिए प्रायः बच्चे के जन्म के बाद एक नवजात को जितनी तरजीह दी जाती है, उतना उसे जन्म देने वाली स्त्री को नहीं मिलती। उसे भावनात्मक बदलाओं से संघर्ष करने के लिए कई बार अकेला छोड़ दिया जाता है। मातृत्व के बाद होने वाले तनाव, थकान, चिड़चिड़ेपन से बच्चे की परवरिश की व्यस्तताओं के बीच अकेली लड़ती हैं और कई बार वे अपना ख्याल ठीक से नहीं रख पाती हैं। ऐसे में जरूरत है कि मातृत्व से जुड़े इन भावनात्मक उथल-पुथल को परिवार के सभी सदस्य समझें। इससे लड़ने में नई-नई मां बनी बेटी, बहू, बहन, भाभी की मदद करें, जिससे अपनी शारीरिक, मानसिक सेहत के साथ इस नई भूमिका को निभाने में उसे कठिनाई ना हो, अकेलापन महसूस ना हो। *

### मां की भावनाओं का करें सम्मान



**इसे विडंबना** नहीं तो और क्या कहा जाए कि जीवन भर अपने बच्चों पर प्यार लुटाने वाली मां, कई बार वृद्धावस्था में अकेली रहने को विवश हो जाती है। हमारे इसी समाज में कुछ ऐसी स्वार्थी-संस्कारविहीन संतानें भी होती हैं, जो अपनी मां की ममता का मोल उसे वृद्धाश्रम भेजकर चुकाते हैं। कुछ अपनी बढ़िया नौकरी और शानदार करियर में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि गांव-कस्बों में रह रही अपनी मां की खबर लेने वर्षों तक उसके पास नहीं जाते। मदर्स-डे के बहाने ही सही आइए, हम सब जीवन में अपनी मां के अमूल्य योगदान को समझें। उनकी भावनाओं का सम्मान करें। उनके प्यार, ममता, त्याग का आदर करते हुए मां को खूब सारा प्यार, स्नेह दें, उनके संग खुशी के कुछ खूबसूरत पल बिताएं।



मां तुम्हारी भी हैं कुछ खुशियां

# तुम्हारा भी है एक वजूद...

मां को हर वक्त अपने घर-परिवार और बच्चों की इतनी ज्यादा चिंता रहती है कि उसे अपने लिए कुछ सोचने, कुछ करने की सुधि ही नहीं रहती। यह तो अपने आपको खत्म करना है। क्या मां की खुशी कोई मायने नहीं रखती, उसका कोई वजूद नहीं है...? मां के लिए एक कोशिश।

बात अपनी
यासमीन सिद्दीकी

बचपन से मैं तुम्हें देख रही हूं मां, तुम ना कभी थकती हो, ना रुकती हो। तुम रोज सबसे बाद में सोती हो और सबसे पहले उठ जाती हो। थकान और ना जैसे शब्द तुम्हारी शब्दावली में नहीं हैं। इस मदर्स-डे पर मां मैं तुमसे अपने मन की बातें कहना चाहूंगी। सदियों से समाज तुम्हें मां बनाकर महानता का दर्जा देता आया है। सुनो मेरी मां, अब इस महानता का चोला उतारकर, अपनी ख्वाहिशों की ओढ़नी ओढ़ लो। मत कसो अपने आपको समाज की कसौटी पर।

**मां होने का अर्थः** मां आपसे अपनी बातें कहने से पहले मैं अपने जैसे लोगों से कुछ कहना चाहूंगी। मां शब्द जब भी हमारे जेहन में आता है। हम एक ऐसी महिला की कल्पना करते हैं, जो अपने बच्चों को मुसीबत से बचाने के लिए कभी शेरनी बन जाती है तो कभी अपने अस्वस्थ बच्चों के लिए हकीम बन जाती है। अकसर अपने बच्चों में अपनी दुनिया को देखने वाली हमारी मांओं की अपनी दुनिया कहीं खो जाती है। लेकिन अगर हम कोशिश करें तो अपनी मां को वो सहज जिंदगी दे सकते हैं, जिसकी वो अधिकारी है। महानता के उस जाल से हम और आप अपनी मां को निकलने में मदद कर सकते हैं। तो चलिए हम इस मदर्स-डे पर एक सार्थक कोशिश करके देखें, क्या पता मां की झोली में उसके हिस्से की खुशियां आ जाएं। तो हम अपनी मां से कहें -

**बोलो कि थक गई होः** हम बहुत आसानी से कह देते हैं कि मां को मैंने कभी थकते हुए नहीं देखा। मेरी मां बिना रुके काम करती है। अगर मैं उससे आधी रात में कुछ बनाकर खाने को देने के लिए कहूंगी तो बनाएगी। लेकिन मां तुम स्वयं को अभिव्यक्त करना सीख लो। थकने का अधिकार तुमको भी उतना है, जितना हमें है। बस हम कह देते हैं और तुम नहीं कह पाती, अपने दर्द को सहती हो। मां अब मत सहो, हम तुम्हारे बच्चे हैं, हमसे काम करवाओ। हम नहीं करें तो हमें डांटो, लेकिन हर काम की जिम्मेदारी लेकर खुद को और मत थकाओ मां।

**ना कहना सीखोः** मां तुम जानती हो कि चालीस की होते ही तुम्हें हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत क्यों हो गई? ऐसा इसलिए क्योंकि तुम किसी काम के लिए ना ही नहीं कह पाती। तुमको बुरा भी लगता है, तकलीफ भी होती है, लेकिन तुम सहती हो। मैंने देखा है मां, जब तुम बहुत तकलीफ में होती हो तो एक चुप्पी अपने होंठों पर बैठाकर खुद को और भी व्यस्त कर लेती हो। बेटी हूं आपकी, सब समझती हूं। बहुत जरूरी है, ना कहना भी सीखो। मां अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ मत करो।

**पापा की साथी भी होः** हां जब हम छोटे थे, तब स्वाभाविक था कि हम पर तुम्हें ज्यादा ध्यान देना होता था, लेकिन अब हम बड़े हो चुके हैं मां। इस घर में एक और रिश्ता है, आपका और पापा का। आप दोनों एक-दूसरे को समय दें। हम भी तो अपने दोस्तों के साथ अकेले घूमने जाते हैं तो आप दोनों भी कभी डिनर डेट पर जाओ। क्यों हमेशा हमारे साथ ही आउटिंग पर निकलती हो। क्यों कहती हो, 'अरे? अच्छा नहीं लगता बच्चों के बिना।' सच कहें कि आप और पापा एक-दूसरे को समय देंगे, फिल्में देखेंगे, खाने पर जाएंगे तो हमें भी आपको देखकर बहुत खुशी होगी।

**मां तुम्हारी सहेलियां कहां हैं:** मां अकसर आप अपनी सहेलियों का जिक्र करती हैं। शुक्र है कि सोशल मीडिया की वजह से अब आप अपनी पुरानी सहेलियों के संपर्क में भी आ गई हैं। लेकिन कभी उन दोस्तों के साथ मिलने का प्लान भी बनाइए। हां, अब आप कहेंगी कि नाते-रिश्तेदार निपट जाएं, वही बहुत है। लेकिन मां जिस तरह से आप इतने बड़े परिवार को संभालती आई हैं, कोशिश करेंगी तो आप अपनी पुरानी जिंदगी को फिर से सजा लेंगी।

**एक दिन आपकी पसंद काः** मां घर में खाना बनता ही वो है, जो हमें पसंद है। लेकिन जब भी आपसे पूछो कि मां आपको क्या पसंद है तो जवाब मिलता है 'अरे मेरा क्या है? मैं तो सभी कुछ खा लूंगी।' नहीं मां, एक दिन अपनी पसंद का खाना हमसे बनाने को कहो, हम बड़े प्यार से बनाएंगे। हमें भी पता चले कि हमारी मां की पसंद-नापसंद क्या है?

**मुश्किल नहीं है बदलावः** आपको लग रहा होगा कि यह सब किताबी बातें हैं। ऐसा हो नहीं सकता, लेकिन मां सच है कि समाज में इस बदलाव को लाना इतना मुश्किल भी नहीं है। एक बात कहूं मां, बदलाव धीरे ही सही, लेकिन आते जरूर हैं। इन्हीं बातों के साथ मां, आपको मदर्स-डे बहुत-बहुत मुबारक! *

डाइट सजेशन
डॉ. शालिनी सिंघल, डाइटिशियन, दिल्ली

आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मां हमेशा हेल्दी-एनर्जेटिक रहें, ओल्ड एज में होने वाली हेल्थ प्रॉब्लम्स से बची रहें। इसके लिए आपको उनके हेल्थ की प्रॉपर केयर के साथ ही उनकी डाइट का भी ध्यान रखना होगा।

# तब आपकी मां रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

पचास की उम्र के बाद होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों का असर सभी महिलाओं पर पड़ता है। इस एज में वे मेनोपॉज की स्थिति से गुजर रही होती हैं या गुजर चुकी होती हैं। इस उम्र में शरीर का मेटाबॉलिक रेट कम होने से इम्यून सिस्टम कमजोर, बोन डेंसिटी कम और मसल्स लॉस होने लगते हैं। इन वजहों से वे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ऑस्टियोपोरोसिस, इनसोम्निया, एंग्जाइटी, डिप्रेशन जैसी कई बीमारियों की गिरफ्त में आ सकती हैं। ऐसा आपकी मां के साथ ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप अपनी मां का पूरा खयाल रखें।

**न्यूट्रिशस डाइट है जरूरीः** अपनी मां को ऐसी डाइट दें, जिनमें सभी मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फैट) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स) शामिल हों। इसके लिए उनके हर मील में सभी फूड ग्रुप्स होने चाहिए। कहने का मतलब है कि उनकी डेली डाइट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), बोंस को स्ट्रॉन्ग बनाने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिंस, मिनरल्स) फूड्स जरूर शामिल करने चाहिए।

**इम्यूनिटी बूस्टर फूड्सः** ओल्ड एज में इम्यून सिस्टम कमजोर होने से न्यूट्रिशन संबंधी जरूरतें बदल जाती हैं। इसलिए मां की डाइट में फाइटोन्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स को शमिल करके उनको हेल्दी बनाए रख सकते हैं। इसके लिए आपको हल्दी, जीरा, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, अदरक, लहसुन जैसे इम्यूनिटी बूस्टिंग फूड्स किसी न किसी रूप में अपनी मां को जरूर देना चाहिए।



**फाइबर रिच आइटम्सः** बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं का डाइजेस्टिव सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। ऐसे में उन्हें फाइबर रिच फूड्स जैसे- चोकरयुक्त आटा, साबुत दालें, साबुत अनाज देने से उनको डाइजेशन संबंधी परेशानियां नहीं होंगी।

**ग्रीन वेजिटेबल्सः** हरी सब्जियां (खासकर पत्तेदार सब्जियां) कैलोरी में कम लेकिन विटामिन बी, ए, के, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती हैं। ये हड्डियों को मजबूती देने के साथ ओवरऑल हेल्थ बनाए रखने में भी मदद करती हैं। इसलिए आप अपनी मां को डेली कम से कम दो छोटी कटोरी सब्जियां जरूर खिलाएं। सलाद खाना सेहतमंद होता है। लेकिन अगर आपकी मां के दांत कमजोर हो रहे हैं, तो उन्हें कच्ची सब्जियां या सलाद कद्दूकस करके या बारीक कटी ही खाने के लिए दें ताकि उन्हें चबाने में या पाचन संबंधी दिक्कत न हो।

**प्रोटीन रिच फूड्सः** ओल्ड एज में होने वाले मसल्स लॉस से बचाने के लिए अपनी मां की डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स जैसे- दालें, सोयाबीन, मूंगफली, अंडे, लो-फैट गाय का दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स आदि ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए।

**कैल्शियम-विटामिन डीः** बोन डेंसिटी कम होने या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाने के लिए मां की डाइट में कैल्शियम और विटामिन डी भी पर्याप्त मात्रा में होने चाहिए। कैल्शियम के लिए लो फैट दूध और दूध से बने पदार्थ, सोयाबीन और उससे बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, सफेद तिल, सीड्स, रागी का आटा जैसे फोर्टिफाइड अनाज ले सकती हैं। विटामिन डी के लिए मशरूम, साल्मन मछली, अंडे, कॉडलिवर ऑयल लेना जरूरी है।

**हेल्दी फैटः** मां की डेली डाइट में हेल्दी फैट भी होना चाहिए। इसके लिए उन्हें सीमित मात्रा में देसी घी दे सकती हैं। इसके अलावा फूड के रूप में 3 टीस्पून या 15 मिली. हेल्दी ऑयल भी दे सकती हैं। इसके उनके बोंस स्ट्रॉन्ग रहेंगे और ज्वाइंट्स में ग्रीस भी बनी रहेगी।

**पानी-लिक्विड डाइटः** ओल्ड एज में स्किन प्रॉब्लम्स और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए मां को रोजाना पर्याप्त मात्रा में यानी 8 से 10 गिलास पानी पीने के लिए कहना चाहिए। आप चाहें तो उनको नीबू-पानी, नारियल पानी, लस्सी, मट्ठा, वेजिटेबल सूप, फ्रूट जूस जैसे लिक्विड डाइट भी दे सकती हैं।

**नमक-चीनी की मात्राः** मां की डाइट में नमक और चीनी संतुलित मात्रा में होने चाहिए। खाने में चीनी या नमक ऊपर से डालकर नहीं खाने देना चाहिए। ज्यादा नमक से ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक और ज्यादा चीनी से मोटापा, डायबिटीज होने का रिस्क बढ़ता है। डब्ल्यूएचओ भी एक वयस्क व्यक्ति को रोजाना 5 ग्राम से कम आयोडाइज्ड नमक और 15-20 ग्राम तक चीनी लेने की सलाह देता है। *



प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा

कहानी / अवंती श्रीवास्तव

# हिटलर मां



'नहीं मतलब.. नहीं...!' कड़कती आवाज में शिखा ने कहा तो रिचा की रुलाई छूट गई। कुछ देर बाद ही शिखा उसे मनाने उसके कमरे में पहुंची, 'चलो शॉपिंग करा लाऊं।'

'नहीं जाना मुझे... मुझे बर्थ-डे पार्टी में जाना है।' रिचा सिसकियां भरती बोली।

'ओहो...! फार्महाउस में लेट नाइट पार्टी सही नहीं है।' शिखा ने बेटी को समझाने की कोशिश की। लेकिन रिचा ने मां को मनाना चाहा, 'आप तो घर में पार्टी करने देतीं नहीं, कम से कम जाने तो दें।'

'हां! मैं औरों की तरह बच्चों की दोस्त नहीं मां ही बने रहना चाहती हूं। अब यह बहस यहीं खत्म। चलो, फेमस कुल्फी जरूर खिलाऊंगी अगर मुस्कुराकर चलोगी।' थोड़ी देर बाद रिचा को मनपसंद कुल्फी खिलाकर सारा मामला शांत हो गया।

ऐसा नहीं था कि शिखा जमाने के साथ चलना नहीं चाहती लेकिन जब ढील देती है तो बच्चे मनमानी करने लगते हैं, इससे सेहत और पढ़ाई प्रभावित होती है फिर शिखा की अंदर की पारंपरिक मां बाहर आ जाती। शिखा कहती है, 'यूं भी कुछ लोग आधुनिक होने का मतलब देर रात तक पार्टी करना, सुबह देर तक सोना और छोटे-छोटे असभ्य तरीके से कपड़े पहनने को समझते है। मुझे यह सब कतई पसंद नहीं।' शिखा जमाने को तो नहीं, लेकिन अपने बच्चों को कंट्रोल में रख सकती है। बस, वही करती है।

बड़ा बेटा नीलेश गंभीर था तो परेशानी नहीं थी, लेकिन चंचल स्वभाव की रिचा को मां की पाबंदियां मुसीबत लगतीं, वह चिढ़कर उन्हें 'हिटलर मम्मी' कहती। जब कॉलेज के बाद रिचा की नौकरी बेंगलुरु में लगी तो वह खुश हुई, 'चलो जान छूटेगी हिटलर मम्मी से।' आजादी का एहसास उसे नई उड़ान दे रहा था।

मां-पिता ने पीजी में पूरी व्यवस्था कर दी, लेकिन शिखा की हिदायतें खत्म ही नहीं हो रही थीं। एक के बाद एक हिदायत, 'दूध पीती रहना... रोज ताजे फल खरीद कर खाना... बाहर का खाना कम खाना... रात में देर तक मत जगना... सुबह उठकर योगा जरूर करना।' पिता ने रोका, 'बस करो भई! हमारी बेटी समझदार है... तुम्हारे दिए संस्कार बच्चों के साथ हमेशा रहेंगे।'

वापस भोपाल आकर भी शिखा का मन नहीं माना, वह रोज 6.00 बजे, 12.00 बजे, शाम को 5.00 बजे और रात के 12.00 बजे, रिचा को फोन करती। जरूरत होती तो डांट भी लगाती, 'अरे अभी तक उठी नहीं! चलो उठो योगा करो... दूध पिया था... आज? कौन सा फल खाया...? रात के 12.00 बज रहे हैं अभी तक नहीं सोई! चलो सो जाओ।'

रिचा की नाक में दम हो गया था। दिन में चार बार कॉल और रोज एक से सवाल। उसे लगता कि जैसे वह कोई रिमोट कंट्रोल कार है, जिसका रिमोट दूर बैठी मां के पास है। कल रिचा का पहला प्रेजेंटेशन है, जिसके लिए वह जी-जान से जुटी थी। वह फैक्ट्स और फिगर में खोई थी। तभी फोन बज उठा। मां का था। रिचा ने फोन तुरंत उठाया, 'हां मां..।'

'रात के बारह बज रहे हैं... अभी तक सोई नहीं?' उधर से मां ने झिड़का।

'हां! कुछ जरूरी काम था, क्या है जल्दी बोलो मां?' रिचा झुंझला गई।

'दूध पिया ना तुमने और हां, फल खा लिया था... सुनो छाता लेकर जा रही हो ना... बारिश हो सकती है।' मां की पूछताछ फिर शुरू हो गई।

एक तरफ प्रेजेंटेशन का डर दूसरी तरफ वही दोहराते सवाल। आज रिचा के सब्र का बांध टूट गया, 'क्या मां रोज एक से सवाल और चार दिन से यह छाते की रट क्या लगा रखी है? खिली धूप है यहां... बारिश का सवाल ही नहीं पैदा होता। प्लीज मां... अब हमें अपने रिमोट कंट्रोल से मुक्ति दो..! दिन में चार बार कौन फोन करता है? कितनी फुर्सत है आपको? जो इतनी बार कॉल करने का समय मिल जाता है, मुझे अपना काम करने दो मां...।' यह कहकर रिचा ने फोन काट दिया।

फिर रिचा अपने प्रेजेंटेशन में खो गई, लेकिन इस वार्तालाप का साक्षी उसका भाई नीलेश दुखी हो गया और मां... मां एक ओर गुमसुम सी।

सुबह भाई नीलेश का फोन रिचा के पास आया। सीधा सवाल किया, 'रिचा! यह क्या तरीका था?'

'ओह! मां भी तो कितना परेशान करती है भैया!' रिचा ने खीझे से स्वर में जवाब दिया।

'रिचा मां परेशान नहीं करती... बल्कि परेशान होती है तुम्हारे लिए, हमारे लिए...। तुम्हें पता है... बेंगलुरु में पिछले हफ्ते एक मेला लगा था एंटीक सामानों का... नहीं तुम्हें नहीं पता। मां को पता है, वहां पर सेमिनार हुआ था टीन एज केयर पर... तुम्हें पता है? नहीं ना, तुम्हारे पास में नुक्कड़ में एक दुकान है जहां हर चीज 99 में मिल जाती है, तुम्हें नहीं पता होगा पर मां को पता है, क्योंकि कमजोर होती आंखों में मोटा चश्मा लगाकर वह नेट पर बेंगलुरु की हर लोकल न्यूज पढ़ती हैं। टीवी पर घंटों बेंगलुरु के मौसम का हाल सुनती हैं... किसलिए? जब से तुम बेंगलुरु गई हो... अचानक से उनके जीवन में बेंगलुरु महत्वपूर्ण शहर हो गया है, उससे जुड़ी हर खबर पर मां की पैनी नजर रहती है...। अब कह दो... भैया... यह सब झूठ है...। यह सब झूठ होता तो सबसे ज्यादा खुश मैं होता... क्योंकि मैं तुम्हारी इतनी परवाह देखकर जलता हूं! मगर यह सच है मेरी बहन... सब सच है..।' नीलेश बात करते-करते बहुत भावुक हो गया था, लगा रो देगा।

'ओह! यह मैंने क्या कर दिया...?' रिचा अपने बड़े भाई की बातें सुनकर सीरियस हो गई।

'माफी मांग लो मां से और हां....। आगे से कभी पलट कर जवाब मत देना मां को...!' नीलेश ने छोटी बहन से साधिकार कहा। बात शांत हुई तो रिचा बस स्टॉप पहुंची। बस आने में देर थी, सोचा मां को फोन कर माफी मांग लेती हूं। फोन लगाया तो उधर से आवाज आई, 'हैलो रिचा! सॉरी बेटा मैं तुम्हें बहुत परेशान करती हूं! पर अब मैं तुम्हें बार-बार फोन नहीं करूंगी। सुनो! तुम अपने दोस्तों के साथ बाहर खाना खा सकती हो, देर रात में, अपना काम अपने हिसाब से करो...सुबह जल्दी उठने की कोई जरूरत नहीं है बेटा।' यह कहते-कहते मां रो दी।

तभी रिचा के मुंह से 'ओह!' निकला। मां ने घबरा कर पूछा। 'अरे क्या हुआ बेटा?'

'मां...यहां बारिश हो रही है।' रिचा ने बताया।

'तुम छाता लाई हो ना?' मां ने तुरंत पूछा।

'नहीं...।' इस बार वह लज्जित होते हुए बोली।

'ठीक है! कहीं शेड देकर खड़ी हो जाओ., आज तुम्हारा पहला प्रेजेंटेशन है कपड़े भीगने नहीं चाहिए.. ऑल द बेस्ट बेटा।' कह कर मां ने फोन रख दिया। लेकिन रिचा के पश्चाताप के आंसू बारिश के साथ मिलकर उसके चेहरे पर लकीर बनकर लुढ़कने लगे। रिचा मन ही मन सोचती है, 'मां वो शख्स है, जो अपने सपने, इच्छाएं, आराम, सुकून, नींद, यहां तक कि खुद को भुला देती है अपने बच्चों के लिए... उसी मां को बच्चे टेक इट फॉर ग्रांटेड ले लेते हैं। लेकिन मां का प्यार-दुलार कभी कम नहीं होता, उसका दिल लबालब भरा रहता है अपने बच्चों के लिए प्यार से। वह हर संभव प्रयास करती है, उसे सुरक्षित और खुश रखने का। *



प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली पिच अधिक टिकाऊ

सतह को स्थापित करने में 'यूनिवर्सल मशीन' महत्वपूर्ण घटक

# धर्मशाला में भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का अनावरण

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारत की पहली 'हाईब्रिड पिच' का सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

धूमल ने कहा, ''इंग्लैंड में लाड्र्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी।' प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती।



## पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर

पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके। टेलर ने इस प्रतिष्ठित परियोजना में साझेदारी के लिए एचपीसीए का आभार जताया। हाइब्रिड सतह को स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण घटक 'यूनिवर्सल मशीन' है जिसे 2017 में एसआईएसग्रास द्वारा विकसित किया गया था और इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट मैदानों में समान पिचें बनाने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी ने टी20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल को स्वीकृति दी है और योजना है कि इस साल से इनका इस्तेमाल चार दिवसीय काउंटी चैंपियनशिप में किया जाएगा।



## खेलने की परिस्थिति होगी नियंत्रित : टेलर

भारत में हालांकि अलग तरह की चुनौती है जहां एक शहर से दूसरे शहर के मौसम और परिस्थितियों में बड़ा बदलाव होता है। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब एसआईएसग्रास के अंतरराष्ट्रीय बिक्री निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'आप (हाइब्रिड पिच पर) खेलने की परिस्थितियों को नियंत्रित कर सकते हैं क्योंकि वे मौलिक रूप से नहीं बदलते हैं। आप पिच में नमी की मात्रा को नियंत्रित कर सकते हैं। अगर आप सूखी पिच पर खेलना चाहते हैं, तो आप सूखी पिच पर खेल सकते हैं। अगर आप पिच पर अधिक घास छोड़ना चाहते हैं, तो आप ऐसा कर सकते हैं।'

## बड़े बदलाव के संकेत

क्रिकेट के खेल में नई खोज और तकनीक से कई बदलाव आने के बावजूद पिच की तैयारी पारंपरिक ही रही है लेकिन अब 'हाइब्रिड पिचों' की शुरुआत ने इसमें भी धीरे-धीरे ही सही, बड़े बदलाव के संकेत दे दिए हैं। ब्रिटेन स्थित हाइब्रिड पिच निर्माता 'एसआईएसग्रास' इस नवाचार में सबसे आगे है और कंपनी के लिए सबसे बड़ी चुनौती किसी मैच के दौरान इस तरह की पिचों पर खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार रखने की होगी। 'एसआईएसग्रास' ने हालांकि इस कार्य को पूरा करने में विश्वास व्यक्त किया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| बेंगलोर | 11 | 4 | 7 | 8 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
542 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
18 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1703 चौके

972 छक्के

## खबर संक्षेप

### रुबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन



**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रेइ रुबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रुबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था।' नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे।

### आमिर के आयरलैंड जाने में होगा विलंब

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे।



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है। सूत्र ने कहा, '2010 के स्पॉट फिक्सिंग मामले और इसके बाद जेल की सजा और प्रतिबंध के कारण अब भी उसे वीजा जारी करने की प्रक्रिया चल रही है।'

### स्कॉटलैंड की टी20 टीम में व्हील, जोन्स की वापसी

**एडिनबर्ग।** माइकल जोन्स और ब्रैड व्हील की स्कॉटलैंड की 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम में वापसी हुई है, जबकि समरसेट के अनुभवी तेज गेंदबाज जोश डेवी इसमें जगह बनाने से चूक गए। डरहम और हैम्पशर का प्रतिनिधित्व करने वाले क्रमशः जोन्स और व्हील को इस महीने की शुरुआत में नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए स्कॉटलैंड की टीम से बाहर रखा गया था। इन दोनों को अगले महीने अमेरिका में होने वाली वैश्विक प्रतियोगिता के लिए उनकी काउंटी टीमों ने मंजूरी दे दी है।

आईपीएल
11 मैचों में पांचवीं हार से तालिका में 5वें स्थान पर हैदराबाद

# सूर्या के शतक से मुंबई की चौथी जीत
# सनराइजर्स को सात विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद में 102 रन की नाबाद पारी के अलावा चौथे विकेट के लिए तिलक वर्मा के साथ 79 गेंद में 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स को आठ विकेट पर 173 रन पर रोकने के बाद मुंबई इंडियंस ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई की यह 12 मैचों में यह चौथी जीत है। सनराइजर्स की यह 11 मैचों में पांचवीं हार है। टीम 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है।

मुंबई ने पांचवें ओवर में 31 रन पर तीसरा विकेट गंवा दिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान 12 चौके और छह छक्के लगाकर टीम को दबाव में नहीं आने दिया। तिलक ने 32 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके लगाए। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (48) के बाद मुश्किल हालात में कप्तान पैट कमिंस की 17 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी खेली। 17वें ओवर में 136 रन पर आठवां विकेट गंवा दिया था लेकिन कमिंस ने दो चौके और दो छक्के जड़ने के साथ नौवें विकेट के लिए सनवीर सिंह (नाबाद आठ) के साथ 19 गेंद में 37 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया।




## पंड्या ने झटके 3 विकेट



*मुंबई के लिए अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला (33 रन पर तीन विकेट) और कप्तान हार्दिक पंड्या (31 रन पर तीन विकेट) ने शानदार गेंदबाजी की। जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) एक बार फिर किफायती रहे तो वहीं अपने पदार्पण मैच में अंशुल कंबोज (42 रन पर एक विकेट) ने प्रभावित किया।*

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7 | 1 |
| अभिषेक का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0 | 1 |
| मयंक अग्रवाल बो कंबोज | 05 | 06 | 1 | 0 |
| रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 02 | 04 | 0 | 0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1 | 1 |
| शाहबाज का सूर्य बो हार्दिक | 10 | 12 | 0 | 0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 03 | 04 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2 | 2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 08 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 173/8
गेंदबाजी : तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का मयंक बो यानसेन | 09 | 07 | 2 | 0 |
| रोहित का क्लासेन बो कमिंस | 04 | 05 | 1 | 0 |
| धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 00 | 09 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 | 51 | 12 | 6 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 | 32 | 6 | 0 |

अतिरिक्त : 22, कुल : 17.2 ओवर में 174/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3.2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0.

खास खबर

## मनिका ने किया बड़ा उलटफेर वर्ल्ड नंबर-2 मान्यु को दी मात



केएईसी। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने सोमवार को यहां सऊदी स्मैश टूर्नामेंट में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज चीन की वांग मान्यु को हराकर अपने एकल करियर की सबसे बड़ी जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वीं स्थान पर काबिज मनिका ने चीन की दूसरी वरीय खिलाड़ी के खिलाफ 37 मिनट तक चले मुकाबले को 6-11, 11-5, 11-7, 12-10 से अपने नाम किया। मनिका टोक्यो ओलंपिक टीम की स्वर्ण पदक विजेता और 2021 विश्व चैंपियन के खिलाफ शुरुआती गेम हार गई, लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीत कर वापसी की और फिर चौथे गेम में शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन की खिलाड़ी को पछाड़कर मुकबला अपने नाम किया। गैर वरीयता प्राप्त मनिका ने रविवार को रोमानिया की एंड्रिया ड्रैगोमैन को हराया था। वह मंगलवार को अंतिम 16 दौर में जर्मनी की 14वीं रैंकिंग की खिलाड़ी नीना मित्तेलहम से भिड़ेंगी।

## युगांडा के एनसुबुगा टी20 विश्व कप में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी



कंपाला। युगांडा के ऑफ स्पिनर फ्रैंक एनसुबुगा 43 साल की उम्र में आगामी टी20 विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज क्रिकेटर बनने के लिए तैयार हैं। युगांडा क्रिकेट संघ ने सोमवार को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप के लिए ब्रायन मसाबा की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। रियाजत अली शाह टीम के उपकप्तान है। युगांडा ने अफ्रीका क्वालीफायर की क्षेत्रीय प्रतियोगिता में नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर टी20 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की की है। टीम अपने अभियान का आगाज तीन जून को गयाना में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगी। ये दोनों टीमें न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप सी में शामिल हैं।

# महिला टी20 : भारत ने बांग्लादेश को हराकर दर्ज की लगातार चौथी जीत

एजेंसी ▶▶| सिलहट

कप्तान हरमनप्रीत कौर की उम्दा पारी के बाद दीप्ति शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन से भारत ने वर्षा से प्रभावित 14 ओवर के चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 56 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करते हुए पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बनाई।



भारत ने हरमनप्रीत (39) और रिचा घोष (24) के बीच चौथे विकेट की 44 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 122 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (22) और डी हेमलता (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश को 125 रन का लक्ष्य मिला लेकिन दीप्ति शर्मा (13 रन पर दो विकेट), आशा शोभना (18 रन पर दो विकेट) और राधा यादव (12 रन पर एक विकेट) की फिरकी के जादू के सामने मेजबान टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और सात विकेट पर 68 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (21), रूबिया हैदर (13) और शोरिफा खातून (नाबाद 11) ही दोहरे अंक में पहुंच सकीं।

## कोहली के खिलाफ बनाएंगे रणनीति

**लाहौर।** पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनायेंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है।

## टी20 विश्व कप: भारतीय टीम की नई जर्सी लांच



**मुंबई।** अगले महीने टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह मेजबानी में होने वाले इस विश्व कप को लेकर सभी टीमों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस टी20 विश्व कप में टीम इंडिया नई जर्सी में उतरेगी। बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया की नई जर्सी लांच कर दी है। बीसीसीआई ने नई जर्सी को लांच करने के लिए खास अंदाज अपनाया। टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी को हेलीकॉप्टर से लांच किया गया। वीडियो में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा नजर आए। रोहित कुलदीप और जडेजा को कुछ इशारा करते हैं, तभी हेलीकॉप्टर नजर आता है और उस पर टीम इंडिया की नई टी20 जर्सी टंगी दिखाई पड़ती है। इसे देखकर रोहित, कुलदीप और जडेजा हैरान रह जाते हैं।

## विश्व एथलेटिक्स : महिलाओं का अद्वितीय प्रदर्शन

# भारतीय रिले टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नासाउ

भारतीय महिला और पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रुपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3:28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरुष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।



### महिला टीम ने खींचा ध्यान

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा क्योंकि फोकस पुरुष टीम पर था जिसने टोक्यो ओलंपिक और 2023 विश्व चैंपियनशिप में एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा था। इसके अलावा 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी जीता था।




### रमेश की जगह शामिल हुए राजीव

पहले दौर में पुरुष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरुष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में 3:00.25 में रेस पूरी करके एशियाई रिकार्ड तोड़ा था। इसके बाद विश्व चैंपियनशिप 2023 में 2:59.5 का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया था।

### भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी क्वालीफाई

*भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरुआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरुष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं।*

## प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए तीन खिलाड़ी नॉमिनेट

**दुबई।** आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए दुनिया के तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया है। अप्रैल 2024 के लिए ICC मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ की शॉर्टलिस्ट में पाकिस्तान के अलावा नामीबिया और यूएई के खिलाड़ी का नाम शामिल है। इस लिस्ट में पहला नाम नामीबिया के गेरहार्ड इरास्मस का है। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस पिछले महीने के ओमान दौरे के दौरान शानदार लय में थे क्योंकि उन्होंने बल्ले और गेंज दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। इस लिस्ट में दूसरा नाम यूएई के मुहम्मद वसीम का है। दाएं हाथ का यह धुरंधर खिलाड़ी पिछले महीने अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने एसीसी प्रीमियर कप में काफी रन बनाए थे और इस दौरान उन्होंने अपने करियर का तीसरा शतक भी जड़ा था। आईसीसी के इस खास लिस्ट में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी का नाम भी शामिल है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

## ब्रिगेडियर रैंक पदोन्नति पर सीजेआई बोले

# प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट, अवमानना का मामला नहीं

सेना में ब्रिगेडियर रैंक में पदोन्नति में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव के मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सेना में अधिकारियों के प्रमोशन से जुड़ी कार्रवाई से हम संतुष्ट है। सेना के इस कदम से अदालत के अवमानन का मामला नहीं बनता है।

चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने ही फैसला सुनाया है कि सेना में प्रमोशन के लिए पहले से ही बने पैनल में शामिल अधिकारियों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए लेकिन आदेश सेना की बेंचमार्किंग को रोकने के



लिए नहीं है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि तुलना नहीं होगी तो योग्यताओं का विश्लेषण कैसे होगा। जबतक सेना में कार्यरत अधिकारियों की तुलना नहीं होगी, तब तक उनकी योग्यताओं का विश्लेषण नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुफेजा अहमदी ने कहा कि सेना कोर्ट ने आदेश न मानकर अवमानना कर रही है। वही केंद्र सरकार की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल ने कहा कि जब तक सेना में कार्यरत अधिकारियों की तुलना नहीं होगी, तब तक उनकी योग्यताओं का विश्लेषण नहीं किया जा सकता और बिना योग्यता के उन्हें पद्दोन्नति नही दी जा सकती है।

### वकील पर भड़के सीजेआई

सीजेआई की टिप्पणी पर याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील हुजेफा ने कहा कि अगर उनके पास एक विशेष चयन बोर्ड है तो आपके पास बिना पैनल के लोग भी हैं। बस वकील की इसी बात पर सीजेआई भड़का गए और कहा, "आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? यह कोई कर्नल का टाइमस्केल है? क्या बिना बेंचमार्किंग के यह कैसे तय किया जा सकता है।"

एजेंसी ▶▶ मद्रास

## आईआईटी मद्रास ने खोजा सबसे बड़े खतरे का तोड़!

# बंगाल की खाड़ी में इकट्ठा हो सकता है कॉर्बन डाइऑक्साइड

आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन में पता चला है कि हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल कार्बन डाइऑक्साइड सिंक के रूप में किया जा सकता है। भारत में बदलते मौसम की वजह से घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। इनमें से बहुत-सी घटनाएं जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही हैं। जलवायु के प्रभावों को रोकने वायुमंडल से कम से कम 100 बिलियन से 1 ट्रिलियन टन तक का कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की जरूरत होगी। इसके लिए पेड़ लगाना होगा। आईआईटी



मद्रास ने ही अपनी स्टडी में बताया कि कार्बन डाइऑक्साइड को समुद्र में 500 मीटर की गहराई तक ठोस हाइड्रेट के रूप में स्थायी रूप से स्टोर कर के रखा जा सकता है। समुद्री तल के 2,800 मीटर से अधिक की गहराई पर, कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहित किया जा सकता है।

इतनी गहराई पर गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण ये गैस बाहर नहीं निकलेगा और इसी प्रक्रिया से ग्रीनहाउस गैस को बाहर निकलने से रोका जा सकता है। इसी साल जलवायु परिवर्तन पर कई देशों की बैठक हुई थी। भारत ने साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया था। साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को सौर और वायु ऊर्जा के उत्पादन में 70 गुना की वृद्धि करनी होगी और इसे 7,700 गीगावाट तक ले जाना होगा। इसके साथ ही भारत में बुनियादी ढांचे को भी इतना विकसित करना होगा कि वो हर साल 114 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोबंगाल की खाड़ी में इकट्ठा किया जा सकता है।



## अंतिम संस्कार की लागत हुई इतनी ज्यादा अपनों के शव यूं ही छोड़कर जा रहे लोग

**लंदन।** महंगाई पूरी दुनिया में है। लेकिन यूरोपीय देश इसकी ज्यादा चपेट में हैं। वहां हर चीज की कीमतें आसमान छू रही हैं। ऐसे में भला अंतिम संस्कार की लागत भी बढ़ी है। लोग इतने परेशान हो गए हैं कि वे अपने मृत परिजनों के शवों को यूं ही दफनस्थल पर रखकर आ रहे हैं, ताकि कम खर्च में अंतिम संस्कार कराया जा सके। क्योंकि, अगर वे पारंपरिक तरीके से अंतिम संस्कार करवाएंगे तो इसमें काफी खर्च होगा। ऐसे में आप कह सकते हैं कि यहां मरना भी महंगा हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त समूह सनलाइफ ने अंतिम संस्कार में आने वाले खर्च पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इससे पता चलता है कि अब ज्यादा लोग डायरेक्ट क्रमिनेशन करा रहे हैं। यानी एक ऐसा अंतिम संस्कार जिसमें परिवार का कोई भी शख्स मौजूद न हो।




# विजेताओं को बांटे आकर्षक पुरस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि समूह अपने सुधि पाठकों के लिए पाठक पुरस्कार योजना 2023 लेकर आया था। इस योजना के तहत विजेता पाठकों को समूह के पदाधिकारियों की मौजूदगी में द्वितीय, तृतीय व सातवां पुरस्कार बांटा गया। विजेताओं में द्वितीय पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी दिनेश कुमार वर्मा पिता राधेश्याम निवासी गोकुलनगर मठपुरैना रायपुर, तृतीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर भावेश पाल पिता संतोष निवासी मठपुरैना रायपुर एवं सातवां पुरस्कार इंडक्शन चूल्हा पूरन महानंद पिता गरसा निवासी सिंचाई कॉलोनी रायपुर को प्राप्त हुआ।



### ये रहे उपस्थित

पुरस्कार वितरण हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, महाप्रबंधक अनिल गहलावत, प्रसार सहायक महाप्रबंधक अनंतराम साहू, सिटी इंचार्ज प्रसार आशीष दास महंत, सहयोगी सुमित कुमार महोबिया, तोरण लाल साहू, तरूण साहू की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर सैनिक न्यूज एजेंसी के संचालक विष्णु सैनिक एवं मां भगवती न्यूज एजेंसी के संचालक महेंद्र साहू भी मौजूद रहे।




## 22 करोड़ किमी दूर से आया संदेश, वैज्ञानिक कर रहे शोध



**लंदन।** ब्रह्मांड रहस्यों से भरा हुआ है। वैज्ञानिक इन रहस्यों को जानने के लिए सालों से शोध कर रहे हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने के लिए बीते साल एक मिशन लॉन्च किया था। नासा साइकी नाम के एस्टरॉयड के बारे में जानकारी हासिल करना चाहता है। इसके लिए उसने अक्टूबर 2023 में साइकी अंतरिक्ष यान लॉन्च किया था। अब इस अंतरिक्ष यान ने अपना काम करना शुरू कर दिया है। सुदूर अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद साइकी सिग्नल भेज रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि धरती पर अंतरिक्ष से रहस्यमयी सिग्नल आया है। उन्होंने खुलासा किया कि यह सिग्नल अंतरिक्ष से करीब 140 मिलियन मील यानी 22 करोड़ किमी दूर से आया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com